
वर्ष-3, अंक-47
इन्दौर शनिवार 10 मई 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

**चाणक्य नीति**
दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभव से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।
चाणक्य



प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com



पाकिस्तान की कायराना चाल

## नागरिक विमानों को बना रहा हमलों की ढाल, कर्नल सोफिया ने किया खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में पाकिस्तान द्वारा की गई कायराना हरकतों की भारत सरकार ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में विस्तार से जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय की ओर से हुई इस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने हिस्सा लिया और पाकिस्तानी रणनीति की परतें खोल कर रख दीं। कर्नल सोफिया कुरैशी ने मीडिया के सामने कुछ तस्वीरें पेश करते हुए यह खुलासा किया कि पाकिस्तान ने अपने सैन्य हमलों के दौरान नागरिक विमानों को जानबूझकर ढाल के रूप में इस्तेमाल किया।

हमले के वक्त करांची और लाहौर एयरस्पेस में पैसेंजर फ्लाइट्स हवा में थीं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि पाकिस्तान ने हवाई क्षेत्र को जानबूझकर खुला रखा ताकि भारत जवाबी कार्रवाई में संयम बरते और हमलों को रोका जा सके। कर्नल सोफिया ने बताया कि पाकिस्तान ने भारत के 36 ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिनमें उत्तरी और पश्चिमी भारत के कई सैन्य प्रतिष्ठान शामिल थे। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना ने संयम बरतते हुए जवाबी कार्रवाई की और आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया।

### तुर्किये निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल

कर्नल सोफिया के अनुसार, पाकिस्तान ने तुर्किये में निर्मित ड्रोन से हमला किया। भारत ने इन हमलों का जवाब देते हुए पाकिस्तान की सर्विलांस रडार प्रणाली को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई पाकिस्तान की सेना के लिए बड़ा सामरिक झटका साबित हुई है।

### मिसरी की पाक को चेतावनी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि इस तरह की हरकतें न केवल भारत-पाक संबंधों को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की यह रणनीति अंतरराष्ट्रीय कानून और जिनेवा संधियों का उल्लंघन है।

## जम्मू-कश्मीर से राजस्थान तक 19 जगह पाकिस्तान का ड्रोन अटैक

**LoC पर पाकिस्तानी फौज 3 दिन से लगातार फायरिंग कर रही है**

### भारत ने सभी जगह हमले नाकाम किए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भारत पर ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए। शुक्रवार को शाम होते ही जम्मू-कश्मीर के 6 सेक्टर उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम, आरएसपुरा, अरनिया और पुंछ में फायरिंग शुरू कर दी।

रात 8:30 बजे के बाद पाकिस्तान ने 3 राज्य जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के 19 शहरों पर ड्रोन अटैक किए गए। श्रीनगर एयरपोर्ट पर भी हमला किया गया। अंवतीपुरा एयरफोर्स स्टेशन पर ड्रोन अटैक को नाकाम किया गया। यहां बड़ा धमाका सुना गया। उधर, चंडीगढ़ और अंबाला में हवाई हमले की चेतावनी दी गई है।

केंद्र सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सेना प्रमुख चाहें तो वे टेरिटोरियल आर्मी (TA) के अफसरों-जवानों को बुला सकते हैं। TA अर्धसैनिक बल है, जो जरूरत पड़ने पर सेना की सहायता करते हैं।

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करने का आदेश दिया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और सीडीएस अनिल चौहान ने ताजा हालात की जानकारी दी।

गृह मंत्री ने भी BSF, CISF के अफसरों के साथ मीटिंग की। उन्होंने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर और एयरपोर्ट्स की सिक्योरिटी की जानकारी ली। कृषि मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी तैयारियों को लेकर मीटिंग की।

नियंत्रण रेखा (LoC) पर पाकिस्तानी फौज 3 दिन से लगातार फायरिंग कर रही है। इसमें 17 नागरिकों की मौत हुई है। इसमें 5 बच्चे भी शामिल हैं। कई इमारतों और गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों से अपने आवास पर डेढ़ घंटे मुलाकात की।

तेल कंपनियां IOC, BPCL और HPCL ने अलग-अलग बयानों में कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। घबराकर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। इस बीच कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में अनाज का पर्याप्त भंडार है।




### 3 राज्यों में 19 जगह हमले

जम्मू-कश्मीरः जम्मू, सांबा, राजौरी, अवंतीपोरा, पुंछ, कुपवाड़ा, श्रीनगर, बारामुला
पंजाबः फिरोजपुर, फाजिल्का, अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर, करतारपुर, बठिंडा
राजस्थानः जैसलमेर, श्रीगंगानगर, पोकरण, बाड़मेर

### श्रीनगर एयरपोर्ट पर धमाका, अंवतीपुरा एयरफोर्स स्टेशन अटैक नाकाम किया

श्रीनगर एयरपोर्ट पर धमाका किया गया है। इसके अलावा, अंवतीपुरा एयरफोर्स स्टेशन पर ड्रोन अटैक को नाकाम किया गया। यहां बड़े धमाका सुना गया।

### पाकिस्तानी सेना के पूर्व अधिकारी ने माना, क्यों भारतीय मिसाइलों को मार नहीं सके हम

**इस्लामाबाद।** कई सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि भारत ने इस भीषण हमले में फ्रांस की स्क्रैल्प और स्वदेशी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का इस्तेमाल किया। अब पाकिस्तानी सेना के पूर्व अधिकारी ने बताया है कि क्यों पाकिस्तान मिसाइलों को नहीं मार सका। पाकिस्तान की वायुसेना के पूर्व वाइस एयर मार्शल इकरामुल्लाह भट्टी ने बताया कि कि देश के पास एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए कम दूरी, मध्यम दूरी और लंबी दूरी तक सतह से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों और बलिस्टिक मिसाइलों को रोकने की क्षमता है। इसमें चीन का एचक्यू 16 एयर डिफेंस सिस्टम भी शामिल है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सेना के पास हवा से जमीन पर हमला करने वाली मिसाइलों को रोकने की क्षमता ही नहीं है।

## पंजाब के 7 जिलों पर पाकिस्तान का हमला

### फिरोजपुर में घर पर ड्रोन गिरा, 3 झुलसे; करतारपुर कॉरिडोर से 20KM दूर धमाके

**चंडीगढ़।** पंजाब में अंधेरा होते ही पाकिस्तान ने फिरोजपुर, फाजिल्का, अमृतसर, तरनतारन, होशियारपुर, गुरदासपुर और पठानकोट में हमला कर दिया है। पाकिस्तानी ड्रोन घुसे तो आर्मी के डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही उड़ाना शुरू कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान लगातार ड्रोन भेज रहा है। फिरोजपुर के खाई सेमे के गांव में ड्रोन गिरने के बाद घर में आग लग गई। यहां 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय ड्रोन गिरा, घर की लाइट जल रही थी। वहीं गुरदासपुर में करतारपुर कॉरिडोर से



20 किमी दूर तेज धमाका हुआ है। हमले के बीच पठानकोट, फिरोजपुर, अमृतसर, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, फाजिल्का, पटियाला, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और बठिंडा में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है।

फिरोजपुर में ड्रोन अटैक से घायल हुए लोगों ने पारिवारिक सदस्यों ने बताया कि आसमान के ऊपर से गोला गिरता हुआ दिखाई दिया था। उस समय वह अपने घर के आंगन में बैठे थे। पास में गाड़ी खड़ी थी। कार पर अचानक गोला आकर गिरा और आग भड़क गई। वहां बैठे लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला। फिरोजपुर की CMO डॉ. राजविंद्र कौर ने कहा कि ड्रोन अटैक से 3 लोगों के घायल होने की सूचना आई थी। हमारी टीम तत्काल सूचना पर पहुंची और रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचा दिया है। फिलहाल उनकी पहचान नहीं बता सकते। इसके बारे में जानकारी ली जा रही है।




**बीजिंग।** भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ तनाव चरम पर है। गुरुवार को दोनों के बीच जंग जैसे हालात बन गए। एक दूसरे के खिलाफ ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल हुआ। भारत ने एस-400 मिसाइल डिफेंस से पाकिस्तानी हमले को नाकाम कर दिया। वहीं भारतीय हथियार पाकिस्तान में अपने लक्ष्य पर गिरे। इस बीच भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान से दागी गई मिसाइलों के मलबे बरामद किए हैं। इसमें सबसे अहम मलबा चीन में बनी पीएल-15ई बियांड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल का है। चीनी मिसाइल के मलबे की यह बरामदगी इसलिए और खास है क्योंकि यह करीब पूर्ण अवस्था में मिला है। इसका मतलब है कि अब भारत को इस चीनी मिसाइल के राज पता लग सकता हैं। पंजाब के होशियारपुर से बरामद किए गए मलबे में अधिकारियों को अहम चीजें बरामद हुई हैं, जिसमें प्रपल्शन सिस्टम, डेटालिंक और इनर्शियल रेफेरेंस यूनिट शामिल है। हाल ही में मिला यह मिसाइल की तीसरा मलबा है।

## सीमा पर तनातनी से वाराणसी में हाई अलर्ट

**वाराणसी** । भारत और पाकिस्तान के बीच हमले की कार्रवाई तेज होने की हलचल काशी में देखी गई। टीवी मोबाइल पर पल-पल का अपडेट लोग लेते रहे। जिनके परिजन सीमावर्ती प्रदेशों - जनपदों में हैं, उनका हाल जानने के लिए लोग फोन करते रहे। युद्ध और पाकिस्तान से तनातनी की हर जानकारी लोग रख रहे थे। पूरे दिन चर्चा का विषय भी यही रहा, लेकिन शाम को पाकिस्तान के हमले से बेचैनी देखी गई।लोग सीमावर्ती प्रदेशों और जनपदों में रहने वालों को लेकर चिंतित दिखे।उसके बाद जब भारत की वायुसेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू की तो उन्हें सुकून तो मिला ही उत्साह भी चरम पर पहुंच गया। हर व्यक्ति के चेहरे पर अपनी



सेना के शौर्य का जज्बा दिख रहा था। लहुरावीर, मैदागिन, चौक, नई सड़क,गोदौलिया, चेतगंज, सिगरा आदि इलाकों में चट्टी चौराहा, चाय -पान की दुकानों पर लोग जुटे थे, जहां टीवी चल रही थी वहाँ लोग हमले से संबंधित खबरों की जानकारी लेते रहे। कुछ मोबाइल पर खबरों का अपडेट लेते चर्चा करते रहे। पाकिस्तान की मिसाइल मार गिराए जाने की खबर फ्लैश होते ही चेहरे पर खुशी और गर्व के भाव उभर जाते थे, वहीं कई शिक्षण संस्थानों व विभिन्न संस्थाओं में कुछ ऐसे लोग भी हैं जिनके पारिवारिक जन रिश्तेदार जम्मू, पंजाब, राजस्थान आदि सीमावर्ती प्रांतो में रहते हैं,वह फोन कर उनके कुशल क्षेम पूछते रहे।

सीमा पर तनातनी को देखते हुए वाराणसी में हाई अलर्ट घोषित किया गया है।काशी विश्वनाथ धाम, गोदौलिया, घाट, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, भेल, गेल तथा बरेका में बड़ी सतर्कतता बरती जा रही है।

अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एस चन्नाप्पा ने बताया कि जिलेभर में फैंटम दस्ता के साथ ही थाना पुलिस को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश हैं।

रात्रि गस्त का निर्देश दिया गया है।किसी भी तरह का संदेह या आपात गतिविधियां देखने पर अफसर को सूचित करने के लिए कहा गया है।

## श्रीनगर एयरपोर्ट के पास बड़ा धमाका, गुजरात के कई इलाकों में ब्लैकआउट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत - पाकिस्तान तनाव के बीच रक्षा और सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि पाकिस्तान ने पिछली रात तुर्की के ड्रोन से भारत के कई सैन्य बेसों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। पाकिस्तान ने अपने विमान क्षेत्रों में नागरिक विमानों को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि 7 और 8 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी



सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की।

उन्होंने बताया कि 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने kinetic and non-kinetic means का उपयोग करके इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। इस तरह के बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य वायु रक्षा प्रणालियों का परीक्षण करना और खुफिया जानकारी एकत्र करना था। ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि वे तुर्की अस्सिगार्ड सोंगर ड्रोन हैं। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 08:30 बजे एक failed unprovoked ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया।

भारत का IMF को कड़ा संदेश

## पाकिस्तान को कर्ज मत दो, ये पैसा आतंकवाद पर खर्च होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के उस प्रस्ताव से स्पष्ट रूप से दूरी बना ली है, जिसमें पाकिस्तान को 1.3 बिलियन डॉलर का बेलआउट पैकेज देने की सिफारिश की गई थी। भारत ने IMF को कड़ा संदेश दिया है कि पाकिस्तान को अब और कोई कर्ज न दिया जाए, क्योंकि यह पैसा आतंकवादी संगठनों और आतंकियों को पालने-पोसने में खर्च किया जाएगा, न कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को सधारने में। भारत का यह कदम न केवल वित्तीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ उसकी संकल्प शक्ति और क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति उसकी गंभीरता का भी स्पष्ट संकेत है। पाकिस्तान इस समय IMF से करीब 1 बिलियन डॉलर की अगली किस्त की मांग कर रहा है, लेकिन भारत ने IMF की वाशिंगटन में हुई बोर्ड बैठक में मतदान से परहेज़ कर अपनी नाराज़गी और असहमति दोनों को स्पष्ट कर दिया।

भारत ने बैठक में IMF की अपनी ही एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें चेताया गया था कि पाकिस्तान अब "Too Big to Fail" कर्जदार बन चुका है – यानी एक ऐसा देश जिसे बार-बार बेलआउट दिया जा रहा है, चाहे वह सुधारात्मक कदम उठाए या नहीं। यह राजनयिक कदम उस तनावपूर्ण पृष्ठभूमि में आया है, जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 मासूम नागरिकों की जान चली गई थी। इनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) में मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई की। भारत का कहना है कि पाकिस्तान को मिलने वाला अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सहयोग उसकी खुफिया एजेंसियों और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों तक पहुंचता है – वे संगठन जो वर्षों से भारत में घातक हमलों के लिए जिम्मेदार रहे हैं।

## पाकिस्तान की खबरें लीक होने का डर, पंजाब में बना नया कंट्रोल रूम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अखबार नवा-ए-वक्त के मुताबिक, 8 मई को पाकिस्तान के पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ की हिदायत पर DGPR के रिलेशन डिपार्टमेंट में नया कंट्रोल रूम बनाया गया। पंजाब की सूचना मंत्री अज्मा बुखारी ने कंट्रोल रूम का दौरा किया। वहां मौजूद इंतजामात, वर्किंग सिस्टम और सहूलियात का जायजा लिया। अज्मा बुखारी ने डिजिटल मीडिया विंग के साथ मीटिंग की, जिसमें सूचना मंत्रालय के सचिव ताहिर रजा बखारी और छ्तक्क गुलाम शहीद शाहिद भी शामिल हुए। मीटिंग में हिदायत दी गई कि डिजिटल मीडिया को फौरन चौकस किया जाए, ताकि पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी गलत जानकारी सोशल मीडिया पर न फैले। मौजूदा हालात में दो मोर्चे पर जंग लड़ी जा रही है, एक सरहदों पर और दूसरी सोशल मीडिया पर। भारत से जंग के हालात में बहुत जरूरी है कि पाकिस्तान की आवाम को सही इन्फॉर्मेशन मिले। कंट्रोल रूम बनाने का बुनियादी मकसद भी यही है।

## संपादकीय

### भारत की मिसाइलों का सटीक निशाना

*भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सीमा में रहते हुए जो मिसाइल स्ट्राइक की है उसने पाकिस्तान में तैनात एचक्यू-9 मिसाइल की विफलता को उजागर कर दिया है। चीन और पाक द्वारा जो दावे किए जा रहे थे उसकी पोल खुल गई है। भारत ने हाल ही में सिंदूर ऑपरेशन के जरिए आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल अटैक कर पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों को करारा जबाब दिया है। यह हमला मंगलवार की देर रात करीब 1ः45 बजे किया गया था। मात्र 7 मिनट के इस हमले में ब्राह्मोस सहित अत्याधुनिक मिसाइलों और हथगोलों का इस्तेमाल भारतीय सेना द्वारा किया गया। भारत ने इस हमले में सुनिश्चित किया था। पाकिस्तान का कोई भी नागरिक ठिकाना या बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त ना हो। भारत की सैन्य नैतिकता और सामरिक सूझ-बूझ का परिचय मिलता है। पाकिस्तान और चीन की तरफ से बार-बार दावा किया जाता रहा है। एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम दुनिया के बेहतरीन सुरक्षा कवचों में एक है। यह सिस्टम अभी तक कहीं उपयोग नहीं हुआ था। चीन का दावा था, उसका यह सिस्टम अमेरिका के पेट्रियट, इजराइल के आयरन डोम और रूस के एस-400 से बेहतर है। भारतीय सेना की मिसाइलों ने चीन की इस तथाकथित अभेद्य रक्षा प्रणाली को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया, जिसके कारण चीन की पोल खुल गई है। पाकिस्तान भी हैरान और परेशान है, चीन से उसने सबसे ज्यादा रक्षा सामग्री एवं सैन्य उपकरण खरीदे हैं। भारत की सेना द्वारा जिस तरह की रक्षा प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है उसको देखते हुए पाकिस्तान अब यह नहीं समझ पा रहा है, कि वह भारत का मुकाबला किस तरह से करेगा। चीन द्वारा पाकिस्तान को सौंपा गया यह सिस्टम एक भी भारतीय मिसाइल को इंटरसेप्ट नहीं कर पाया। पाकिस्तान की सेना और वायुसेना पूरी तरह अलर्ट मोड पर थीं। इस असफलता ने चीन की रक्षा तकनीक और उपायों की वास्तविकता उजागर कर दी है। भारत ने बिना हवाई हमले और बमवर्षक विमानों का प्रयोग किये बिना ही यह दिखा दिया है। आधुनिक युद्ध केवल सैनिकों की संख्या से नहीं, बल्कि रणनीति, तकनीक और संयम से जीते जा सकते हैं। भारतीय सेना ने इस अभियान में न केवल तीनों सेनाओं की एकजुटता, भारतीय सेना का सैन्य कौशल दिखाया, वरन यह भी साबित कर दिया, कि भारत अब केवल जुबानी प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं रहा। आवश्यकता पड़ने पर भारत निर्णायक कार्रवाई करने वाला राष्ट्र बन चुका है। जो दुश्मन के घर जाकर सटीक निशाना साधकर अपने दुश्मनों से बदला ले सकता है। इस घटनाक्रम से सैन्य विश्वसनीयता और क्षमता को लेकर विश्व में भारत की स्थिति मजबूत हुई है। अमेरिका, यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों को भारत द्वारा पहले से सूचित किया जा चुका था। यह भारत की वैश्विक कूटनीति की समझ और पारदर्शिता को प्रदर्शित करता है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के भीतर हड़कंप मचा हुआ है। पाकिस्तान द्वारा पिछ्ले दो सप्ताह से इतनी बडी तैयारी के बावजूद चीन और पाकिस्तान मिलकर भी हमले को क्यों नहीं रोक पाए। भारतीय सेना का यह हमला केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। भारत का यह संदेश भी है, भारत की संप्रभुता से खिलवाड़ करने वालों को भारतीय सेना से हर स्तर पर जवाब मिलेगा। भारत तकनीकी, सैन्य और कूटनीतिक स्थिति की समझ रखती है। भारत की सेना के तीनों अंगों की एक जुटता, भारतीय सेना का साहस, भारतीय सेना का प्रशिक्षण और अत्याधुनिक सैन्य उपकरण, अत्याधुनिक संचार प्रणाली का कोई मुकाबला नहीं है। भारतीय सेना ने जो पराक्रम ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से किया है वह दुनिया भर के आतंकवादियों के लिए भी एक संदेश है। मसूद अजहर जैसे खूंखार आतंकवादियों के लिए एक सबक है। भारतीय सेना ने मात्र 7 मिनट के अंदर अपनी सीमा के अंदर ही रहते हुए उसके पूरे परिवार को निशाना साधकर पाकिस्तान में ही समाप्त कर दिया। इससे भारत के पड़ोसी देशों में भी हड़कंप की स्थिति है। भारतीय सेना के पराक्रम की चर्चा दुनिया के सभी देशों में हो रही है। भारत की सेना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है। यह साबित हो गया है। मात्र कुछ मिनट का ऑपरेशन कर दुश्मनों को सबक सिखाने की यह अनूठी घटना है। भारतीय सेना ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान नहीं होने दिया। यह भारतीय सेना की संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।*

### परिंदों की चौपाल

मेरे निवास की बालकनी मे कुछ वर्षों पूर्व मनी प्लांट की बैल रौपी थी जो काफ़ी फैल चुकी होने से मैने उस बैल को बालकनी मे चारों ओर दीवार के सहारे से फैला कर पहले एक रेडिमेड घोंसला आंनलाईन मंगवाकर मनी प्लांट वाली में दीवार पर पक्षियों के निवास हेतु लगा दिया था।, इसी के चलते दो वर्षो से इसी मनी प्लांट की बैल मे एक पक्षी जिसे फाख़्ता या होलड़ कहा जाता है, ने घोंसला बना कर अपना परिवार बसाया था और उसमें अंडे दिये थे लगभग एक डेढ़ माह बाद उन अंडों में से बच्चे भी निकल गयेथे ,विगत दो वर्षों मेरे निवास की बालकनी में फाखूता के परिवार बसाने का यह क्रम अब भी चल रहा है। गत वर्ष मैनें तीन और रेडीमेड घास के घोंसले मंगवाकर मनीप्लांट वाली दीवार मे? लगाए थे गत वर्ष तो? इन घोसलों पर गोरैया,और बुलबुल पक्षी मंडराते और झगड़ते रहे,परन्तु उनमें किसी ने भी अपना परिवार नही बसाया ।अब की हर्ष तब हुआ कि गत कुछ दिनों से फिर इन घोसलों मे इन परिंदो की आवाजाही शुरु हुई और इनकी इन घोसलों में घर बसाने हेतु क़वायदें बड़ने के साथ व आपस में इनमें झगड़े होने लगे फिर एसा लगा जैसे तीनो प्रजाति के परिंदो की चौपाल बैठी काफी देर तक कोलाल होता रह व उसके बाद बुलबुल,और गोरैया में जैसे कुछ सुलह हुई और अगले दिन प्रातः बुलबुल ने यहां अपना घर बनाने हेतु काम शुरू करते हुए पत्ते तिनके व मकड़ी के जाले लाकर अपना घर बनाना शुरू किया तत्पश्चात गौरया का जोड़ा भी यहां अपना घोंसला बनाने में व्यस्त हो गया।इससे परिंदो की चौपाल का यह मौन संदेश समझ में आया,कि वास्तव में सामंजस्य और आपसी समझौते से बड़े से बड़े काम और विवाद आसानी से निपटाए जा सकते है जाते है। ईश्वर को धन्यवाद,सुकून और आश्चर्य का विषय यह है कि मेरी बालकनी में यह घोंसले आबाद हो जाएंगे और परिंदों की चहल पहल बड़ जाएगी साथ ही मेरी बालकनी परिंदो की चहचहाहट भी खूब गूंजेगी और मेरी बालकनी आबाद हो जाएगी।

**फ़रीद ख़ान 146, नज़रबाग़**

# पर्यटकों को लुभाते अनोखे पेड़







गत दिनों हमने ट्रैवलर बंसी विश्नोई के कुछ ट्रैवलॉग वीडियोस को यूट्यूब पर देखा। वे दक्षिण अफ्रीका महाद्वीप के नजदीक स्थित द्वीप देश मेडागास्कर में भ्रमण करते हुए वहां के जनजीवन और खास विशेषताओं और दृश्यों को बहुत नजदीक से फिल्माते हुए भारत में हम जैसे दर्शकों के लिए वहां का लुत्फ उठाना संभव कर रहे थे।

मेडागास्कर गणराय हिन्द महासागर में विश्व का चौथा सबसे बड़ा द्वीप है। यहाँ विश्व की पाँच प्रतिशत पादप वनस्पति और जीव प्रजातियाँ मौजूद हैं। इनमें से 80 प्रतिशत केवल मेडागास्कर में ही पाई जाती हैं।दरअसल पादप या पौधे जीवित प्राणियों का एक समूह है, जो अपना भोजन सूर्य की ऊर्जा से बनाते हैं। ये जीवित प्राणी मिट्टी से पानी और पोषक तत्व लेते हैं और हवा से कार्बन डाइऑक्साइड



लेते हैं। पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने सिद्ध किया था कि वनस्पति में भी जीवन प्राण होते हैं। ये पादप उन्हीं प्राणवान वनस्पतियों का ही रूप कहा जा सकता है। ट्रैवलर बंसी वैष्णव अपनी यात्रा में एक ऐसे क्षेत्र में जाते हैं जहां ऐसी ही अनोखी वनस्पति और पेड़ों की बहुतायत थी। पर्यटकों के लिए उस क्षेत्र में खासतौर से व्यवस्थाएं की गई थीं। अपने अनोखे और दुनिया में अन्य जगह दुर्लभ बाओ बाब पेड़ की प्रजातियों को यहां देखना बहुत रोमांचित करता है। यह पेड़ अपने मोटे तनों और अनोखे आकार के लिए प्रसिद्ध हैं। ये पेड़ अपने विशाल आकार और लम्बी उम्र के लिए जाने जाते हैं, कुछ बाओबाब पेड़ों की उम्र 1000 साल से भी अधिक होती है।बाओबाब पेड़ों के अलावा रफ़िया पाम जो एक प्रकार का पाम पेड़ है और इसके पत्तों का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है। टमाल पेड़ एक ऐसा पेड़ है, जो जिसके बीजों का उपयोग मसाले के रूप में किया जाता है। मेडागास्कर में ऑर्किड की भी कई प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो अपनी सुंदरता और विविधता के लिए प्रसिद्ध हैं।मेडागास्कर में बंसी विश्नोई के कैमरे से दैत्याकार बाओ बाब पेड़ों को देखकर सहज जिज्ञासा हुई कि क्या ये पेड़ हमारे देश में भी कहीं पाए जाते हैं ? मैने कई बार ऐतिहासिक और पर्यटन केंद्र मांडू





(मध्यप्रदेश) की सैर की थी, तब मुझे वहां एक खास प्रकार के बड़े फल को खाने का मौका मिला था, जिसे स्थानीय भाषा में मांडू की इमली कहा जाता है। कबीट या नारियल जैसे इस फल के भीतर से खट्टा मीठा गुदा निकलता है। इसके विशालकाय पेड़ भी वहां देखे थे। बाओ बाब पेड़ों को बंसी जी के ट्रैवल वीडियो में देखकर लगा कि मांडू की इमली के पेड़ भी संभवतः इसी प्रजाति के हैं। थोड़ी जानकारी जुटाई तो यह सच भी निकला कि खुरासानी इमली के ये पेड़ उसी प्रजाति के हैं। कुछ ऐसे ही पेड़ सिवनी के वनों में भी पहचाने गए थे। बाओ बाब के अलावा भी दुनिया में ऐसे कई अद्भुत पेड़ हैं जो अपनी अनूठी विशेषताओं और प्राकृतिक सुंदरता के लिए पर्यटकों को आकर्षित करते रहे हैं। जैसे ड्रैगन ब्लड ट्री (यमन), बॉटल ट्री (नामीबिया), और रेनबो यूकेलिप्टस (अमेरिका और दक्षिण पूर्व एशिया)। यमन के सोकोट्रा द्वीप पर पाए जाने वाले ड्रेगन ब्लड ट्री की छाल का रंग खून के समान लाल होता है। इस पेड़ का रस भी लाल रंग का होता है और इसे पारंपरिक रूप से एक दवा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के ब्लू माउंटेन्स में पाए जाने वाले वालामी पाइन पेड़ को जीवित जीवाश्म माना जाता है क्योंकि यह 200 मिलियन साल से भी अधिक पुराना है। बहरीन के जियाज द्वीप पर स्थित ट्री ऑफ लाइफ पेड़ अपने अजीब और अनोखे रूप के लिए जाना जाता है। यह पेड़ बिना किसी पानी के स्रोत के जीवित रहने में सक्षम है। दक्षिण पूर्व एशिया और अमेरिका के रेनबो यूकेलिप्टस पेड़ की छाल विभिन्न रंगों के साथ आती है, जिससे यह एक सुंदर दृश्य प्रस्तुत करता है। साउथ कैरोलिना के जॉन्स आइलैंड पर स्थित एंजल (यूएसए) ओक पेड़ 1,500 वर्षों से अधिक पुराना है। यह पेड़ अपनी विशाल छतरी के लिए प्रसिद्ध है। न्यूज़ीलैंड की वानाका झील के पास स्थित वानका एक अकेला विलो पेड़ अपने घुमावदार स्वरूप और शांत झील के पानी पर मोहक प्रतिबिंब के लिए बहुत प्रसिद्ध है। कंबोडिया तथा दक्षिण पूर्व एशिया का सिल्क कॉटन ट्री पेड़ की छाल और पत्तियां रेशम की तरह नरम होती हैं। इसलिए इसे सिल्क कॉटन ट्री कहा जाता है। बहुत लोकप्रिय पेड़ हैं। भारत का सबसे बड़ा वट वृक्ष कोलकाता के आचार्य जगदीश चंद्र बोस बॉटनिकल गार्डन में स्थित है, जिसे द ग्रेट बयाइन ट्री के नाम से जाना जाता है। यह बरगद का पेड़ 250 साल से अधिक पुराना है और 14,500 वर्ग मीटर के क्षेत्र



में फैला हुआ है। यह वट वृक्ष दुनिया का सबसे चौड़ा बड़ा बरगद का पेड़ माना जाता है। इसकी 3,372 से अधिक जटाएं हैं जो जमीन में जड़ें डाल चुकी हैं। एक जंगल की तरह दिखता है यह पेड़ और 87 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों का बसेरा है। इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल किया गया है लोग इसे वॉकिंग ट्री भी कहते हैं। 1884 और 1987 में आए चक्रवाती तूफानों ने इस पेड़ को नुकसान पहुंचाया था, लेकिन यह फिर भी जीवित है। वनस्पति और वृक्षों के गुणों के कारण भारत में उनका औषधीय, धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व हमेशा से रहा है। पेड़ों में आस्था व्यक्त करते हुए उनकी पूजा करना भारतीयों के संस्कार में शामिल हैं। बरगद को भारत का राष्ट्रीय वृक्ष माना जाता है, जबकि पीपल को धार्मिक महत्व दिया जाता है, और नीम को अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। जब हम घर बैठे घुमंतुओं के यूट्यूब ट्रैवल वीडियो देखते हैं तो न सिर्फ दुनिया के लोगों, प्राणियों और वनस्पति को जानते हैं बल्कि कुदरत के करिश्में और प्रकृति का अप्रतिम सौंदर्य भी हमें अभिभूत कर देता है। धन्यवाद प्रिय विश्व यात्रियों। शुभकामनाएं!

**ब्रजेश कानूनगो**

# गर्मियों में सौन्दर्य टिप्स



गर्मियां शुरू हो गई हैं . गर्मी का मौसम आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है. गर्मी के मौसम में धूप से होने वाली टैनिंग और सनबर्न से तकरीबन हर कोई परेशान रहता है. धूप से होने वाली टैनिंग से त्वचा काली पड़ जाती है तथा त्वचा में जलन , सनबर्न के लक्षण भी दिखने लगते है और त्वचा में सूजन दिखने लगती है .

गर्मियों में चिलचिलाती धूप, प्रदूषण , आद्रता और धूल मिट्टी चेहरे की प्रकृतिक आभा को खत्म कर देती है जिससे त्वचा बेजान दिखाई देने लगती है।

दिनों दिन बढ़ रही गर्मी और डिहाइड्रेशन के चलते बार बार पसीना आना, रैशेज और सनबर्न से त्वचा से जुडी अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं .

अगर आप चाहती हैं कि गर्मियों में भी आपका चेहरा ग्लो करें तो ग्लोइंग स्किन के लिए कुछ जरूरी टिप्स अपनाने होंगे .

### 1 सनस्क्रीन


इसके लिए सबसे पहले धूप में बाहर जाने से पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल आपको सनबर्न से बचा सकता है। इसके अलावा चेहरे को ढक कर तेज धूप में बाहर निकलना चाहिए। अगर सम्भव हो तो सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से परहेज करें क्योंकि इस समय आसमान में सबसे ज्यादा गर्मी होती है . गर्मियों में 30 एस पी एफ या इससे ऊपर वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। सनस्क्रीन के साथ साथ ऑयली है या नॉर्मल दोनों प्रकार की त्वचा को रूखेपन से बचाने के लिए मॉइस्चराइज़र का इस्तेमाल ज़रूर करें । दरअसल इसका प्रयोग न करने से चेहरे की नमी खोने लगती है, जो स्किन में सीबम के स्तर को बढ़ाती है। इससे कील मुहांसों संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ता है।

### 2 ग्लिसरीन, शहद और कच्चा दूध--

एक चम्मच ग्लिसरीन, एक चम्मच शहद और एक चम्मच कच्चा दूध लेकर सभी का पेस्ट बना लें . इसे चेहरे पर लगा कर कुछ समय बाद ताजे साफ पानी से धो डालिये . इससे आपकी त्वचा कोमल और मुलायम बनी रहेगी

### 3 खीरा, पुदीना और डिस्टिल्ड वाटर

खीरे को 4 या .5 लंबे टुकड़ों में काट लें। डिस्टिल्ड वाटर और पुदीने की पत्तियों के साथ एयर टाइट डिब्बे में पैक करके 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस पानी को छानकर अलग स्प्रे बॉटल में डाल लें। फ्रिज में स्टोर करें और इस्तेमाल करें। यह मिस्ट भीषण गर्मी में स्किन को कूल और फ्रेश रखेगा। यहां तक की रैशेज और खारिश खुजली से भी आराम दिलाता है।



### 4 खीरा और नारियल पानी

खीरे के 10---.15 पीस को कद्दूकस कर उसका जूस निकाल लें। इसे ठंडा होने के लिए फ्रिज में 20--.25 मिनट के लिए रख दें। इसके बाद इसमें 1 कप के बराबर नारियल पानी मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स करके स्प्रे बॉटल में भर लें। यह मिस्ट स्किन टोनर का काम करेगा। इससे स्किन हाइड्रेट और तरोताजा नजर आएगी।

एक खीरे के जूस, एक चम्मच गुलाब जल को एक कप मिनरल वॉटर में डालकर स्किन टोनर बना लें। इसके उपयोग से स्किन टोनिंग के अलावा त्वचा मुलायम तथा कोमल हो जाएगी । तैलीय त्वचा के लिए, खीरा जूस, पुदीना जूस को एक कप मिनरल वाटर में घोलकर टोनर बना लें तथा यह कील मुहांसों में काफी सहायक सिद्ध होगा। एक खीरे के जूस को आधा चम्मच नींबू जूस, एक चम्मच एलोवेरा तथा एक कप गुलाब जल को मिलाकर टोनर बना लें। इस टोनर को फ्रिज में ठंडा होने दें तथा त्वचा पर लगा लें। यह टोनर त्वचा के छिद्रों को बंद करके त्वचा में कसावट लाएगा तथा चेहरे को आकर्षक बनाएगा।

### 5 आइसिंग करें

गर्मियों के मौसम में चेहरे पर बर्फ लगाने से चेहरे को पोषण मिलता है जिससे आपकी त्वचा जवान नजर आती है .

इसे त्वचा के बढ़े हुए रोम छिद्र छोटे होते हैं झुर्रियां और फाइन लाइंस कम नजर आती है और रिंकल धीरे.धीरे कम होने लग जाएंगे.

बर्फ लगाने से ऑयली त्वचा को राहत मिलती है क्योंकि त्वचा पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल कम होता है जिससे बढ़े हुए रोम छिद्र कम होते हैं और कील मुंहासे कम होते हैं.

गर्मियों में चेहरे पर आइसिंग लगाने से भी सौन्दर्य निखारने और त्वचा की जलन आदि को कम करने में मदद मिलती है .

समय.समय पर अपने चेहरे पर आइसिंग करने से आपकी त्वचा को पफिंग कम करने में मदद मिलती है और स्किन की हेल्थ बैलेंस रहती है. साथ ही यह त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मदद करता है.

### 6 सोने से पहले मेकअप जरूर हटा लें

सोने से पहले मेक अप उचित तरीके से हटाने से इससे आपकी त्वचा को सांस लेने का मौका मिलता है जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है . रोमछिद्रों को साफ रहने में मदद मिलती है और मुंहासे व अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है.

सोने से पहले अगर आप मेकअप को उचित ढ़ग से रिमूव नहीं करती हैं, तो इससे स्किन डैमेज की संभावना बनी रहती है। पोर्स का साइज़ बढ़ने लगता है और एक्ने की समस्या आरंभ हो जाती है।

मेकअप हटाने के लिए आप नारियल का तेल, ऑलिव ऑयल, एलोवेरा जेल, दूध या शहद का उपयोग करें तो कहीं ज्यादा बेहतर होगा .

**शहनाज़ हुसैन**
**लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ है और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय है**

# मध्य प्रदेश से यूपी तक बनेगा इकोनॉमिक कॉरिडोर

## 223 किमी लंबा फोरलेन दोनों राज्यों के औद्योगिक शहरों को जोड़ने का करेगा काम

इंदौर। एमपी–यूपी इकोनॉमिक कॉरिडोर छतरपुर जिले के लिए वरदान साबित होने वाला है। इसके बनने से बुंदेलखंड के पिछड़े जिलों को इसका लाभ मिलेगा। इसके चलते अभी से जमीन के दाम बढने् लगे हैं। सागर– कानपुर फोरलेन के काम में लगातार रफ्तार बढ़ रही है। अधिकारियों ने भी अधिग्रहित की गई जमीनों का मुआवजा देना शुरू कर दिया है।

सागर से कबरई तक जाने वाला 223.7 किमी लंबा फोरलेन एमपी और यूपी के औद्योगिक शहरों को जोडने् का काम करेगा। ये फोरलेन सागर से शुरू होकर बंडा, शाहगढ, बड़ामलहरा, छतरपुर, गढ़ीमलहरा, श्रीनगर और महोबा होते हुए बनाया जा रहा है। इस फोरलेन की अनुमानित लागत 2653 करोड़ रुपए है और भविष्य में इसे लखनऊ से जोड़ दिया जाएगा।

### आसमान छूने लगे जमीनों के दाम



सागर से कानपुर तक बन रहा एमपी-यूपी इकोनॉमिक कॉरिडोर आने वाले दिनों में बुंदेलखंड के कुछ जिलों के लिए वरदान साबित होगा। इसका असर भी अब दिखने लगा है। छतरपुर जिले में जहां-जहां से फोरलेन निकलेगी, वहां के जमीनों के दाम आसमान छूने लगे हैं। आने वाले दिनों में छतरपुर केन्द्र बिंदु बनेगा तो छतरपुर से अयोध्या, बनारस, कानपुर और लखनऊ का सफर आसान हो जाएगा। एमपी-यूपी इकोनॉमिक कॉरिडोर के तहत सागर-कबरई फोरलेन प्रोजेक्ट का काम तेज गति से चल रहा है। इस हाईवे का बड़ा हिस्सा बुंदेलखंड से गुजर रहा है, इसलिए यहां के कई जिलों को बड़ा फायदा मिलेगा।

### छतरपुर की 4 तहसीलों से गुजरेगा हाईवे

छतरपुर जिले की 4 तहसीलों से यह हाईवे गुजरेगा। जिसमें बड़ामलहरा, छतरपुर, महाराजपुर, नौगांव से होते हुए यूपी के महोबा, कबरई होते हुए निकलेगा। वहीं जिन लोगों की इस हाईवे में जमीन अधिग्रहण हुई है उनको सरकार के द्वारा मुआवजा मिलना शुरू हो गया है। हाईवे बनने के बाद जिले की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। रोजगार के साधन आने की संभावना दिखाई दे रही तो बड़े बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स खुलने के असर भी बनेंगे।

### सागर से कबरई तक 5 फेज में हो रहा काम

छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि नेशनल हाईवे 34 पर सागर से कानपुर तक कबरई-सागर मार्ग पर फोरलेन बनाया जा रहा है। सागर से कबरई तक फोरलेन का काम 5 फेज में किया जा रहा है। फेज-2 में होने वाले निर्माण के लिए हीरापुर साठिया घाट इलाके में निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। वहीं फेज-1 में सागर से मोहारी तक काम जारी है, जो करीब 38 किलोमीटर का फोरलेन छतरपुर के बड़ामलहरा तक बन रहा है। इसी तरह 5वें फेज में यह काम पूरा होगा। सागर से कानपुर तक फोरलेन हाईवे बनाने के लिए अप्रैल 2023 में डीपीआर मंजूर हुआ था और इसे साल 2026 तक तैयार करना है लेकिन 2027 तक इसके पूरा होने की संभावना बताई जा रही है।

### इन कंपनियों को मिला ठेका

इस प्रोजेक्ट की आधारशिला केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जनवरी 2023 में रखी थी। एनएचएआई ने साल 2026 तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस प्रोजेक्ट के तहत 223 किलोमीटर लंबी सडक़ों का निर्माण किया जाना है। पहले फेज के तहत सागर से मोहारी गांव तक 50 किलोमीटर लंबे हाईवे का काम एनएचएआई की सागर इकाई के अधीन तेजी से चल रहा है।

छतरपुर जिले की सीमा में साठिया घाटी से चौका गांव तक तीसरे फेज में काम किया जाना है, इसका टेंडर वेल्जी रत्ना सोराठिया इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला है। तीसरे फेज में 55 किलोमीटर लंबा फोरलेन सडक का निर्माण 717 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। चौका गांव से कैमाहा बैरियर तक चौथे फेज में कुल 43 किलोमीटर लंबे फोरलेन का निर्माण किया जाना है। इसका टेंडर एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर गुजरात को मिला है। चौथे फेज में 43 किलोमीटर लंबी सडक 688 करोड़ रुपए की लागत से कंपनी निर्माण करेगी।

# पाकिस्तान से आ रही फर्जी खबरों की बाढ़, रहें सावधान

इंदौर। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर हालिया तनाव के बीच एक और खतरनाक मोर्चा खुल गया है—वर्चुअल युद्ध का। गुरुवार रात भारत की ओर से पाकिस्तान को दिए गए सख्त सैन्य जवाब के बाद अब पाकिस्तान सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों और भ्रामक एजेंडे के जरिये दुष्प्रचार फैलाने की कोशिश कर सकता है। इसे लेकर प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने सभी को सचेत किया है।



पीआईबी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट कर बताया है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान प्रायोजित फेक न्यूज और दुष्प्रचार की बाढ़ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स–जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट–पर देखी जा सकती है। इसके तहत ऐसे भ्रामक वीडियो, फोटो और मैसेज प्रसारित किए जाएंगे जो भारतीय जनमानस को भ्रमित करने और देश में अस्थिरता फैलाने का प्रयास करेंगे।

पीआईबी ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे किसी भी संदिग्ध जानकारी या दावे पर आंख बंद करके यकीन न करें। खास तौर पर व्हाट्सएप पर आने वाले वीडियो फुटेज और मैसेजों को बिना जांचे-परखे फॉरवर्ड न करें।

इसके साथ ही झूठ और सच में भेद करने के लिए पीआईबी ने कुछ साइड्स भी सुझाई हैं, जिनमें पीआईबी इंडिया (हिंदी और अंग्रेज़ी अकाउंट) के साथ ही भारतीय सेना के एक्स अकाउंट से ऑपरेशन सिंदूर समेत अन्य सैन्य कार्रवाई की विश्वसनीय जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कुल मिलाकर वास्तविकता से परे अब सोशल मीडिया पर सूचनाओं के जरिए झूठ फैलाने का युद्ध भी छिड़ चुका है। ऐसे में भारत के नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है कि वे हर सूचना को जांच-परख कर साझा करें और पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा न बनें।

# नगर निगम के स्थाई एवं दैनिक वेतन भोगी मस्टर विनियमित कर्मचारियों को पेंशन, ग्रेज्युटी 10 लाख दिये जायेगे



इन्दौर। म.प्र. श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ भारतीय मजदूर संघ से संबंध के अध्यक्ष सुरेश लाहोरे, चौधरी बलराम चिन्तामण उस्ताद, पटेल मुकेश गौसर, कुन्दन सागेलिया, अरुण चिन्तामण, मदन महाराज नाहर ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि संगठन द्वाराकी जा रही निरन्तर माँग के अनुसार म.प्र. शासन के राज्यपाल द्वारा राज पत्र जारी कर विगत सन् 2010 से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं स्थाई विनियमित कर्मचारियों को अब तक 3 लाख 50 हजार की पेंशन, ग्रेज्युटी का भुगतान किया जा रहा था। अब सन् 2016 से स्थाई दैनिक वेतन भोगी विनियमित कर्मचारियों को 10 लाख पेंशन, ग्रेज्युटी का लाभ मिलेगा। उक्त आदेश का श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ द्वारा म.प्र. शासन को धन्यवाद दिया तथा समस्त कर्मचारियों में हर्ष की लहर व्याप्त है।

# 15 शिक्षकों की पदोन्नति को कार्यपरिषद् ने मान्य किया

इन्दौर। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ मे नवागत कार्यपरिषद सदस्य प्रो. रूबीना चौधरी, प्रो. मीता जैन एवं प्रो. सविता खरे का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के शिक्षकों की कैरियर एडवांसमेंन्ट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नति से संबंधित चयन समिति की अनुशंसा के लिफाफे खोले गए। इलेक्ट्रॉनिक्स अध्ययनशाला एवं आई.ई.टी के कुल 15 शिक्षकों की पदोन्नति को कार्यपरिषद् ने मान्य किया। विश्वविद्यालय में सम्पदा अधिकारी की नियुक्ति के सम्बन्ध में वांछित शैक्षिणक योग्यता के संबध में चर्चा की गयी। सत्र 2024-2025 एवं 2025-2026 (दो वर्ष ) हेतु चीफ प्रॉक्टर की नियुक्ति के सम्बन्ध मे प्रो.सचिन शर्मा की नियुक्ति के प्रस्ताव को कार्यपरिषद ने मान्यता प्रदान की। शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला में 04 वर्षीय बी.पी.एड. एवं शिक्षा अध्ययनशाला में तीन एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम - पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद ने सैद्धन्तिक स्वीकृति प्रदान की। कार्यपरिषद की बैठक में माननीय कुलगुरूजी ने वर्तमान परिस्थितियों के संर्दभ में निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय में आवश्यकतानुसार 'ब्लड डोनेशन शिविर' प्राथमिकता के आधार पर आयोजित किये जायेगे। कार्यपरिषद सदस्य ओम शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में विद्यार्थियों एवं शिक्षको का योगदान देशसेवा मे किसी ना किसी रूप में होना चाहिये। कार्यपरिषद सदस्य डॉक्टर ए.के. द्विवेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधानों की प्रगति की समीक्षा समय-समय पर की जानी चाहिये।

# कांग्रेस नेता अजय राठौर को याद किया

इन्दौर। आज से चार साल पहले 9 मई को कोरोना काल में दुनिया को असमय अलविदा कह गये, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय राठौर की चौथी पुण्यतिथि रीगल चौराहा स्थित अशोक पेट्रोल पम्प पर मनाई गई। इस अवसर पर अजय पौराणिक, यश्विन खादीवाला, प्रकाश महावर कोली, शरद दुबे, रियाज खान एवं मोहम्मद शाहिद ने पुष्पांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर अजय पौराणिक ने स्व. राठौर का स्मरण करते हुए कहा कि स्व. अजय राठौर लोकप्रिय होने के साथ ही एक ईमानदार व नेकदिल इंसान थे, जो राजनीतिक तड़क-भड़क से परे रहकर सिर्फ जनसेवा को ही अपना एकमात्र उद्देश्य मानकर चलते थे।

उनकी सरलता और सहजता पहली बार मिलने वालों को भी काफी प्रभावित कर देती थी। ऐसे स्वच्छ छवि के नेता विरले ही होते हैं।

कांग्रेस नेता प्रकाश महावर कोली ने कहा कि श्री राठौर जैसे विरले ही नेता होते है, जो मंच की राजनीति से दूर रहकर, सरलता से सभी कार्यकर्ताओं के बीच रहते थे। ऐसे सरल स्वभाव के नेता की कमी हमेशा सभी को महसूस की होती है।

वहीं श्री राठौर के विश्वनीय सहयोगी रहे यश्विन खादीवाला ने कहा कि वे रीगल चौराहे पर बैठकर शहर की राजनीति नब्ज़ पर नजर रखते थे।

इस अवसर पर जीतू राठौर, बसंत चौकसे, ओम पालीवाल, दिलीप पांडे ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

# केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लगाई रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक

## कहा – रिपोर्टिंग करते समय मौजूदा कानूनों व नियमों का सख्ती से पालन करें

इंदौर। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से बचने की हिदायत दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही के लाइव कवरेज को दिखाने से परहेज करना चाहिए।

राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स से अनुरोध है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय अत्यंत जिम्मेदारी बरतें और मौजूदा कानूनों व नियमों का सख्ती से पालन करें।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से संबंधित रीयल-टाइम कवरेज, विजुअल का प्रसार या सूत्र आधारित जानकारी की रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समयपूर्व खुलासा अनजाने में शत्रु की मदद कर सकता है और अभियान की प्रभावशीलता और कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है।




पिछली घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमले और कंधार अपहरण जैसे मामलों में अनियंत्रित कवरेज से राष्ट्रीय हितों पर प्रभाव पड़ा था। मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों के अलावा, यह हमारा साझा नैतिक उत्तरदायित्व है कि हमारे सामूहिक कार्य चल रहे अभियानों या हमारी सेनाओं की सुरक्षा को खतरे में न डालें। इस आदेश में कहा गया है कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहले ही सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क नियमों का पालन करने के लिए परामर्श जारी किया है। केबल सेवा में कोई भी कार्यक्रम प्रसारित नहीं किया जाना चाहिए, जिसमें सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान की लाइव कवरेज हो, ऐसी मीडिया कवरेज केवल उपयुक्त सरकार द्वारा नामित अधिकारी की ओर से समय-समय पर दी गई जानकारी तक सीमित होगी, जब तक कि वह अभियान समाप्त न हो जाए।

उन्होंने बताया कि ऐसा प्रसारण केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम का उल्लंघन है और इसके तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए, सभी टीवी चैनलों को सलाह दी जाती है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आतंकवाद विरोधी अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज प्रसारित न करें।

रक्षा मंत्रालय ने भी अपने एक्स अकाउंट पर इस आदेश को शेयर करते हुए अपील की है। उन्होंने एक्स पर लिखा- सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्मों और व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज या रीयल-टाइम रिपोर्टिंग से बचें। ऐसी संवेदनशील या स्रोत-आधारित जानकारी का खुलासा करने से अभियान खतरे में पड़ सकता है और लोगों की जान को जोखिम हो सकता है।

# छपाक अधिकारियों-कर्मचारियों का श्रमदान जनता को नहीं आ रहा रास

## मशीनों से तालाब गहरीकरण के लिए निकाली मिट्टी





**मेघनगर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत तलावली में बड़ा तालाब में सामूहिक श्रमदान किया गया। सामूहिक श्रमदान के नाम पर जेसीबी मशीनों ओर ट्रेकरों के माध्यम से तालाब का गहरीकरण करते हुए मिट्टी निकाली गई। तालाब से निकलि मिट्टी किसान अपने खेतो को उर्वरक बनाने के लिए ले गए।

एसडीएम ने रीतिका पाटीदार ने मौजूद तहसीलदार जनपद सीईओ, जन अभियान परिषद के जिला एवं ब्लॉक समन्वयक प्रस्तुत समिति के सदस्यों और तालाब के आसपास रहने वाले कुछ ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद प्रेमसिंह चौहान ने ग्रमीणो को जल संरक्षण का महत्व बताया तथा आने वाले समय में एक बड़ा सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम संपन्न करने की गतिविधि तैयार की जानकारी दी। प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन योजना के माध्यम से वर्षा जल को सहजने हेतु विशेष अभियान लांच किया है। अभियान में ग्रामीणों ,आमलोगों, स्थानीय जन प्रतिनिधियो की अधिक से अधिक सहभगिता के निर्देश है, किंतु अफसर गांव से लेकर जिला स्तर तक बिना जनता के रस्म अदायगी के रूप में इस अभियान को क्रियान्वित कर रहे है। जल गंगा संवर्धन अभियान में सरकार का उद्देश्य लोगों को स्वविवेक से जल स्त्रोतों के पुनरुत्थान ओर जीर्णोद्धार हेतु जागरूक करना भी है, जिसमे झाबुआ प्रशासन अभी तक सफल होता दिखाई नहीं दे रहा। अभियान में अभी तक ग्रामीण अंचल से लेकर शहरी निकाय स्तर तक आम लोगों की सहभगिता इसमें नहीं होना इसका प्रमाण है।

### सरकार के निर्देश

सरकार ने जल संरक्षण हेतु पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनरुत्थान के निर्देश दिए हैं। मगर जिले में कई अधिकारी और कर्मचारी भाजपा की मोहन सरकार के इस अभियान को सिर्फ रस्म अदायगी के रूप में ले रहे हैं, जिससे लोगों में ना तो जल संरक्षण के प्रति जागरूकता आ रही है और नहीं अभियान अपने मूल उद्देश्यों को पूरा करता दिख रहा है। कई स्थानो पर तो सरकारी विभागों के अफसर सिर्फ तगारी – फावड़े – गेती को हाथ लगा कर भारी भरकम श्रमदान कर रहे हैं। पेटलावाद– मेघनगर –रानापुर– रामा –थांदला ओर झाबुआ विकास खंड की ग्राम पंचायतो सहित जिले की नगरीय निकायों में अधिकारियों द्वारा किये गए श्रमदान ओर फिर मशीनों से हो रहे कामों से अभियान का महत्व और उद्देश्य दोनों शिथिल हो रहे हैं। समाचार पत्रों में अपने नाम और फोटो छपवाने वाले अधिकारी–कर्मचारी श्रमदान का स्वांग रच कर जनता से वास्तविक श्रमदान की झूठी उम्मीद ईमानदारी से कर रहे हैं।

## अब तक पट्ट परंपरा के दो विशेष आवरण जारी हुए दोनों को जारी करने का अवसर मिला इंदौर को






आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के पट्टाचार्य महोत्सव पर भारतीय डाक विभाग ने जारी किया विशेष आवरण

**बदनावर (ओम पाटोदी वर्द्धमानपुर)।** महान सनातन शाश्वत जैन संस्कृति इस काल खण्ड में युग-प्रवर्तक भगवान श्री आदिनाथ (ऋषभदेव) से शुरू होकर अंतिम तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी तक युगों-युगों से निर्बाध रूप से प्रवाहित होती रही है। उनकी धर्म देशना को वर्तमान युग में आचार्य, उपाध्याय एवं साधु परमेष्ठि जन-जन तक प्रसारित कर रहे हैं। जैन परम्परा में आचार्य परमेष्ठी समस्त साधु संघ के नायक होते हैं। आचार्य परमेष्ठि के समाधिस्थ होने पर उनके संघ के ही किसी साधु परमेष्ठि को उनके आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया जाता है ताकि संघ कि व्यवस्था निरंतर चलती रहे।

विगत दो वर्ष में दिगम्बर जैन समुदाय के दो महान संघ नायक संत शिरोमणि युगाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज और गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के समाधिस्थ हो जाने के पश्चात आचार्य श्री विद्यासागर जी का आचार्य पट्ट मुनि श्री समय सागर जी महाराज को सैकड़ों साधु-संतों की उपस्थिति में 16 अप्रैल 2024 को कुंडलपुर सिध्दक्षैत्र में प्रदान किया गया वहीं गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज का पट्ट शताब्दी देशनाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज को इंदौर नगर के सुमति धाम में सैकड़ों साधु-संतों की उपस्थिति में हाल ही में 30/04/2025 अक्षय तृतीया के दिन प्रदान किया गया। उक्त जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी एवं स्वप्निल जैन ने बताया कि ये दोनों ही अवसर जैन समाज के इतिहास में अभूतपूर्व अवसर थे।

## चौधरी बने भोज सहकारी साख संस्था धार के अध्यक्ष



**धार।** मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी, नियम 1982 के नियम 49 च (1) के अंतर्गत भोज सहकारी साख संस्था मर्या धार ( म, प्र) संचालक मण्डल व पदाधिकारियों का निर्वाचन विशेष साधारण सभा में निर्वाचन अधिकारी भूदीप कुमार सक्सेना द्वारा विधिवत संपन्न करवाया गया। चुनाव अधिकारी भूदीप कुमार सक्सेना द्वारा धार के समाजसेवी अजय चौधरी को निर्विरोध संस्था का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही संस्था में उपाध्यक्ष सहित 11 सदस्य भी मनोनीत किए गए है।

अजय चौधरी पूर्व में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित धार के कर्मचारी, सहकारी साख संस्था के 2 बार अध्यक्ष रहे हैं। गौरतलब है कि अजय चौधरी रोटरी क्लब सहित अन्य सामाजिक संगठनों में अनेक महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके है। अध्यक्ष चुने जाने पर अजय चौधरी एवं सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई। श्री चौधरी के अध्यक्ष बनने पर शुभचिंतकों, मित्रों एवं सामाजिक संगठनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सुनील दौराया, धर्मेन्द्र जोशी, अशोक शास्त्री, पंडित गोटू शुक्ला, पंकज शर्मा, देवराज सिंह सिकरवार, डॉ. तरूण जोशी, नवीन गर्ग, सलिल यादव, मनीष महाजन, निलेश जोशी, अजय जोशी, राजेश शर्मा, कमल बोरीवाल,सुनील कर्नावट, संतोष राठौड़, ऋषि वर्मा, स्वप्निल राहलेकर, डा. दिलीप पटेल, अवध द्विवेदी सहित मित्रों एवं शुभचिन्तकों ने बधाई दी है।

## तीन लाख पैंसठ हजार आहुती व महाप्रसादी वितरण के साथ महारूद्र एवं शतचंडी महायज्ञ का समापन





### केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर भी हुईं शामिल

**अमझेरा।** यहां के प्राचिन हरदमलाला हनुमान मंदिर में चल रहे पॉच दिवसीय एकादष कुण्डात्मक महारूद्र एवं शतचंडी महायज्ञ का समापन शुक्रवार को किया गया जिसमें यज्ञाचार्य रमाकांत अग्निहोत्री ने बताया कि पॉच दिन चले इस महायज्ञ में सभी यजमानो के द्वारा कुल तीन लाख पैंसठ हजार आहुतियॉ डाली गई है जिससे इस धार्मिक और एतिहासिक नगरी में सुख समृद्धि के साथ ही धर्म ध्वजा लहराती रहेगी । वैदिक मंत्रो के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई जिसमें केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर भी सम्मिलीत हुई जिनके द्वारा बताया गया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से हमारा सनातन धर्म मजबुत होता है जो समाज के लोगो को जोड़ने का कार्य करता है। इस मौके पर महायज्ञ समिति के प्रहलाद पारीक,प्रषांत खंडेलवाल, नारायण पाटीदार, जनक पाटीदार, पर्व पंडित, यदुनंदन कुशवाह, मोहन कोटवाल, भंवर रिठालिया, जगदीश बामनिया, रामा गणावा, जगदीश राठौड़, सुरेन्द्रसिंह पटेल मिण्डा, मनीष पारीक, रूगनाथ यादव, शुभम दीक्षित, शिवा मकवाना आदि के द्वारा केंद्रीय मंत्री सहित यज्ञाचार्च व आचार्यगणों का स्वागत किया गया साथ ही केंद्रीय मंत्री को हरदमलाला हनुमान भगवान का चित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन भगवानदास खंडेलवाल के द्वारा किया गया। महायज्ञ के समापन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा यज्ञषाला की परिक्रमा लगाई गई एवं महाप्रसादी का लाभ लिया गया।

## बाबा साहब की मूर्ति दो बार चोरी, तीसरी बार लगाई

**धार।** धार के जैतपुर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति अज्ञात बदमाशों द्वारा दोपहर 2.30 बजे दिन दहाड़े चुरा ली। रात करीब 9 बजे आर्मी सेना के सैकड़ो लोग वहां पहुंच गए।वहां पर भारी प्रदर्शन किया। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए बाजार से नई मूर्ति खरीद कर वहां पर लगवा दी। मूर्ति लगने के कुछ देर बाद ही एक बार फिर मूर्ति चोरी हो गई। फिर बवाल हुआ। उसके बाद जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत में रखी हुई मूर्ति की स्थापना कराई। सीसीटीवी फुटेज मे अज्ञात चोर बस में बैठे और इंदौर की ओर चले गए। दो संदिग्ध आरोपी मूर्ति को उखाड़ कर ले जाते हुए दिख रहे हैं। उनके चेहरे इतने धुंधले हैं, कि आरोपियों की पहचान नहीं हो पा रही है। दिनदहाड़े इतनी बड़ी मूर्ति की चोरी कोई बड़े षड्यंत्र की आशंका को प्रदर्शित करती है।

## भाजपा नगर सेनापति और कुशाभाऊ ठाकरे मंडल कार्यकारिणी घोषित



**धार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती की सहमति से धार विधानसभा के सेनापति मंडल और कुशाभाऊ ठाकरे नगर मंडल अध्यक्ष ने अपनी मंडल समिति की घोषणा की गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि दोनों मंडल पदाधिकारी इस प्रकार हैं - सेनापति मंडल महामंत्री अमित शर्मा और श्रीमती सीमा सोनी, उपाध्यक्ष -लक्ष्मी बाई नरोले रंजना राठौड़ विजेंद्र ठाकुर महेश तुलसीराम बोडने चंचल पालोड़िया,मंडल मंत्री दिनेश चौहान जीवन यादव अंकित जैन,दिनेश चौहान,हर्ष शैलेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष मनीष साधु सह -कोषाध्यक्ष मनोहर लोहार कार्यालय मंत्री शैलेन्द्र चौरसिया सह कार्यालय मंत्री महेश कदम मंडल मीडिया प्रभारी विशाल माली सहमीडिया प्रभारी शुभम उपाध्याय आईटी सेल प्रभारी नवीन भंवर सह आईटी सेल प्रभारी मुनेन्द्र तिवारी मन की बात प्रभारी अनिता बौरासी सह प्रभारी पंकज मेरवानी को बनाया गया है। इसी प्रकार कुशाभाऊ ठाकरे मंडल पदाधिकारी है - मंडल महामंत्री राकेश रॉकी आहूजा और सुरेश प्रजापत मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र राठौड़ मनीष चौहान केशव अग्रवाल अभिषेक मिश्रा सुश्री प्रतिभा शर्मा चैतन्य राठौर नगर मंडल मंत्री अतुल फकीरा संतोष कुशवाहा पप्पू डामोर मांगीलाल जमुना बघेल श्रीमती सागर परमार कोषाध्यक्ष रवि देवासकर कार्यालय मंत्री अंकित वर्मा सह कार्यालय मंत्री विष्णु राठौर मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सिसोदिया आईटी प्रभारी अनिल राठौड़ सोशल मीडिया प्रभारी तन्मय जैन मन की बात प्रमुख अजय गावड़े व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख राजेश डोड लाभार्थी प्रमुख देवेंद्र शर्मा बीएलए प्रमुख नितिन चौहान को बनाया गया है। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## प्रभु आवत और जो धूप ढूंढते थे, का विमोचन हुआ



इन्दौर। मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति सभागार में राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में इन्दौर लेखिका संघ द्वारा कृष्णकांता रासगाया की पुस्तक प्रभु आवत और नीतू यादव की पुस्तक जो धूप ढूंढते थे का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सत्तन ने कहा कि जिस तरह शिव के मस्तक पर गंगा होती है उसी तरह कवि के माथे पर कविता होती है। खींचतान कर लिखी गई, कविता नहीं हो सकती। कवि अपने अनुभव पर लिखता है। भावनाओं की सूझबूझ से रची जाती है कविता। कार्यक्रम में शामिल प्रोफेसर राजीव शर्मा ने कहा शरीर छूट जाएगा, शब्द अमर है। सुधा चौहान ने कहा कि सहज भाषा में लिखी गई कविताएं अच्छा समाज बनाने में मदद करती है।

मुकेश इन्दौरी ने पुस्तक प्रभु आवत पर कहा संग्रह की रचनाओं में आध्यात्म और प्रभु दर्शन होता है। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक सहित साहित्य प्रेमी शामिल थे।

## भारत पाक तनाव, मध्यप्रदेश में अलर्ट

### सभी कर्मचारियों व पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द

इंदौर। जवाहर डोसी पीयूष/भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य में उच्च सतर्कता घोषित कर दी है। सीएम डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएंगी। वहीं, छुट्टी पर गए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल ड्यूटी पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं।सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और वर्तमान हालातों को देखते हुए हर विभाग को सेना जैसी तत्परता और सजगता के साथ काम करना होगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन और बिजली-पानी जैसी मूलभूत सेवाओं से जुड़े विभाग अलर्ट मोड में रहें और सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रविरोधी किसी भी गतिविधि या प्रचार पर सख्त कार्रवाई की जाए और नागरिकों को सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैल रही अफवाहों से सचेत किया जाए।

### पुलिस महकमे की छुट्टियां रद्द,चौकसी बढ़ी

मुख्यमंत्री की बैठक के तुरंत बाद पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने राज्यभर के एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के लिहाज से सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की जाती हैं और जो छुट्टी पर हैं, उन्हें तुरंत लौटने को कहा जाए। पुलिस अधिकारियों को सघन चेकिंग, हर समय अलर्ट रहने, सूचना तंत्र मजबूत करने और केंद्र सरकार की गाइडलाइन्स के अनुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## माँ के प्यार की मिठास, द पार्क इंदौर में जादुई संडे ब्रंच के साथ




इंदौर। हमारी पहली यादें अक्सर माँ की गोद, उसकी रसोई और उसके साथ बिताए छोटे-छोटे पलों से जुड़ी होती हैं। उन्हीं यादों को फिर से जीने और हर माँ को एक खास एहसास दिलाने के लिए इस मदर्स डे पर, द पार्क इंदौर अपने रेस्टोरेंट एपिसेंटर में लेकर आ रहा है मॉम्स मैजिक आवर। यह एक खास सण्डे ब्रंच है जो 11 मई, मदर्स डे के दिन दोपहर 12:30 से 4:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन सिर्फ एक ब्रंच नहीं है, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जो माँ और बच्चों को न केवल स्वाद का बल्कि साथ में अच्छा समय बिताने का भी खास मौका देगा। इस मौके पर कुछ फन डीआईवाई एक्टिविटीज़ का भी आयोजन किया जाएगा, जिनमें शामिल हैं द कॉकटेल एडिट, जहाँ एडल्ट्स अपने लिए अपनी पसंद का ड्रिंक बना सकते हैं; केक इट योरसेल्फ, जहाँ बच्चे और माता-पिता मिलकर अपना केक सजाएँगे; और डीआईवाई आइस बॉल्स ङ्ख चिल एंड फिल, जो हर उम्र के मेहमानों को एक मज़ेदार और ठंडा अनुभव देगा। द पार्क इंदौर के फूड एंड बेवरेज डायरेक्टर सुदीप कांजीलाल ने इस मौके पर कहा कि, मॉम्स मैजिक आवर सिर्फ एक ब्रंच नहीं है, बल्कि इमोशंस है7 हमारा उद्देश्य है कि हम हर माँ को यह एहसास दिला सके कि वो कितनी खास हैं। हमने इस आयोजन में स्वाद, अनुभव और प्यार ङ्ख तीनों को शामिल किया है, ताकि हर मेहमान यहाँ से सिर्फ पेट ही नहीं, दिल भी भरकर जाए।

# नगर निगम में आपदा प्रबंधन सेल गठित होगा, प्रत्येक वार्ड में आपदा मित्र नियुक्त होंगे

### रेहड़ी-पटरी व ठेला व्यापारियों का सर्वे कर डाटाबेस तैयार करेंगे

इन्दौर। नगर निगम, इन्दौर की महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में गुरूवार को मेयर-इन-काउंसिल की बैठक हुई। बैठक में शहर में प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन के लिए आपदा प्रबंधन सेल के गठन के प्रस्ताव रखा गया, इसके अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में 8-10 आपदा मित्र नियुक्त किए जाएंगे, जिन्हें जिला प्रशासन, निगम एवं पुलिस के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।



बैठक में इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति देने के साथ आवश्यक संसाधन खरीदने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, राजेन्द्र राठौर, निरंजनसिंह चौहान गुड्डू, नंदकिशोर पहाड़?या सहित महापौर परिषद के अन्य सदस्य, एवं समस्त अपर आयुक्त तथा विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सेनाध्यक्ष को साधुवाद दिया और ब्लैकआउट मॉकड्रिल की सफलता के लिए नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

बैठक में शहर के डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट और उद्यानों के बेहतर रखरखाव और विकास के लिए इन्हें सामाजिक संस्थाओं और संगठनों को गोद देने का निर्णय लिया गया। महापौर भार्गव ने बताया कि इससे शहर के सौंदर्यीकरण और विकास को गति मिलेगी। उन्होने बताया कि रेहड़ी-पटरी व ठेला व्यापारियों के विस्तृत सर्वे कर स्थायी डाटाबेस तैयार किया जायेगा। इसके लिए उनका पंजीयन किया जाएगा। साथ ही उन्हें परिचय-पत्र भी जारी करेंगे। इस कार्य के लिए निजी एजेंसी तय की गई, जो तय सीमा में नगर निगम को सर्वे कर जानकारी उपलब्ध कराएगी। बैठक में पीएम आवास योजना 2.0 के तहत ग्राम सिंधोड़ा में एक हजार से ज्यादा आवासीय इकाइयों के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने की स्वीकृति दी गई। जल्द ही डीपीआर तैयार की जाएगी। पीएम आवास योजना के तहत अरावली परिसर और शिवालिक परिसर में निर्मित दुकानों को स्वामित्व अधिकार पर अंतरित किए जाने के संबंध में भी सहमति दी गई। अटल इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लि. कम्पनी के माध्यम से शहर में संचालित सिटी बसों में सफर करने के लिए विशेष श्रेणियों के यात्रियों को रियायती पास के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति निगम द्वारा की जायेगी। इसके तहत विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं रैगपिकर्स को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रियायती मासिक पास की सुविधा हेतु खर्च की प्रतिपूर्ति का भी निर्णय लिया गया। वेस्ट मैनेजमेंट के तहत थ्री-आर (रिड्यूस, रियूज़, रीसायकल) नवाचार के तहत पीपीपी मॉडल पर कचरे से एकत्रित कपड़ों का पुनः उपयोग किया जाएगा। इसके लिए तैयार प्रस्ताव पर चर्चा कर बैठक में सैद्धांतिक सहमति दी गई। बताया गया कि यशवंत सागर की जलप्रदाय क्षमता बढ़ाने से प्रभावित डूब क्षेत्र के कृषकों को मुआवजा देने पर भी बैठक में चर्चा हुई।

## म.प्र. के पेंशनर्स को मंहगाई राहत भुगतान में फिर नाइंसाफी

इन्दौर। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन इन्दौर के झोनल सेक्रेटरी एन के यादव ने पेंशनर्स को मंहगाई राहत वो भी तीन प्रतिशत माह मार्च 2025 से देने के निर्णय को पेंशनर्स के साथ फिर नाइंसाफी बताया है।

अपनी प्रेस विज्ञप्ति में एन के यादव ने बताया कि केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स को क्रमशः जुलाई 2024 से तीन प्रतिशत और जनवरी 2025 से दो प्रतिशत मंहगाई भत्ता और राहत देना तय किया है। मप्र शासन ने कर्मचारियों को तो यथावत मंहगाई भत्ता देने के आदेश जारी किये, वहीं पेंशनर्स को माह मार्च 2025 से तीन प्रतिशत मंहगाई राहत भुगतान के आदेश निकाले, यह तो पेंशनर्स के साथ नाइंसाफी है।

मंहगाई राहत भुगतान में पेंशनर्स के साथ भेदभाव करना धोखा है। विगत वर्षों में जब भी मंहगाई राहत भुगतान के आदेश हुए उसमें भी पेंशनर्स को 17 माह के एरियर्स का



नुकसान किया गया है, अब फिर वही दोहराया गया है, लगता है जैसे पेंशनर्स शासन के दृष्टिकोण में दोयम दर्जे के वरिष्ठ नागरिक हैं।

मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पेंशनर्स को मंहगाई राहत भुगतान के आदेश में पुनर्विचार कर कर्मचारियों को देय मंहगाई भत्ते जैसे न्याय संगत निर्णय लेते हुवे संशोधित आदेश जारी कराने की कार्रवाई सुनिश्चित कीजिए।

## लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला के जीवन पर आधारित नाटक उर्मिलायन का मंचन आज और कल

इन्दौर। लेखक सुनिल हरिशचंद्र और स्मिता दातार द्वारा लिखित तथा निर्देशक सुनील परिशचंद्र द्वारा निर्देशित नाटक उर्मिलायन का मंचन देवी अहल्या विश्वविद्यालय सभागार में आज 10 मई को दोपहर 4, शाम 7.30 बजे तक तथा कल 11 मई को सुबह 10, दोपहर 4 और शाम 7.30 बजे किया जाएगा। इन्दौर की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था सानंद न्यास के द्वारा आयोजित नाटक उर्मिलायन में लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला के जीवन के कई पहलुओं को बताया है, जो रामायण में अनछुये रह गये। लक्ष्मण के साथ ही उर्मिला की भूमिका का संदेश देता नाटक उर्मिलायन अपने खाते में कई पुरस्कार भी दर्ज कर चुका है। इस नाटक में मुख्य भूमिका निभाई है संकेत खेडेकर, अमोल भारती, पूजा साधना, डॉ वैदेही व्यवहारे और निहारिका राजदत्त ने वहीं उनका साथ दिया है मृणाल शिखरे, श्रावणी, गावित, शिवानी मोहिते, निकिता रजक, सुप्रिया जाधव और प्रियंका अहिरे ने।

## मानवीय संवेदना ही व्यक्तित्व की विषिष्टता



इंदौर। शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय की युवा रेड क्रॉस समिति द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस पर मानवता की भावना के उत्सव की थीम को ध्यान में रखकर छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी एवं अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी द्वारा छात्र-छात्राओं को रेड क्रॉस सोसाइटी के सिद्धांतों, कर्तव्यों से अवगत करवाया गया। अतिथिवक्ता डॉ. एस. पी. जायसवाल, विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी, चोइथराम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं चोइथराम पैरामेडिकल कॉलेज इंदौर के उप-प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्र- छात्राओं को मानवीयता को हमेशा अपने आप में जिंदा रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया एक अच्छा नागरिक बनने के लिए आवश्यक है कि आपका व्यक्तित्व मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण हो। आपातकालीन परिस्थितियों में बिना किसी भेदभाव के, सेवा भावना के साथ अपनी क्षमता के अनुसार मानव जीवन को बचाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की संरक्षक मेजर डॉ. अनामिका जैन, प्राचार्य शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, रहीं। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नागेश डगाँवकर एवं जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. दिनेष खंडेलवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बधाई दी। कार्यक्रम युवा रेडक्रॉस सोसायटी प्रभारी डॉ. अंगूरबाला बाफना एवं प्राध्यापक डॉ. तसनीम रंगवाला, प्रो. शीतल उइके, डॉ. भावना शर्मा, के मार्गदर्शन में कराया गया।

# शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रतिबंधात्मक

इंदौर। इंदौर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी की है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 4 जुलाई 2025 तक लागू रहेगा।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं के विरूद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जायेगा और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलाई जायेगी।

कोई भी व्यक्ति किसी खुले स्थान पर अथवा मकानों की छतों पर ईंट, पत्थर, सोडावाटर की बोतल या अन्य कांच की बोतल, ज्वलनशील पदार्थ अथवा कोई विस्फोटक सामग्री जमा नहीं करेगा और न रखेगा, जिसका प्रयोग आतंक उत्पन्न करने अथवा किसी हिंसात्मक गतिविधियों में किया जा सकें। इन्दौर नगरीय पुलिस जिला की सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई अनुचित मुद्रण/प्रकाशन नहीं करेगा, जिससे साम्प्रदायिक तनाव अथवा समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना व ऐसी अफवाहें नहीं फैलायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही सोशल मिडिया पर किसी प्रकार का ऐसा धार्मिक शब्द या प्रतीक चिन्ह का प्रयोग करेगा, जिससे किसी भी समुदाय को धार्मिक ठेस पहुंचे अथवा समाज में विद्वेष की भावना जागृत हो, यह कृत्य दण्डनीय अपराध है। सोशल मीडिया पर ग्रुप एडमिन का उत्तरदायित्व होगा कि ग्रुप से जुड़ा कोई भी व्यक्ति भडकाऊ अथवा अफवाह फैलाने संबंधित कोई पोस्ट नहीं करेगा। यदि कोई ऐसा पोस्ट करता है, तो ग्रुप एडमिन उसे तत्काल डिलीट कराते हुये संबंधित व्यक्ति को ग्रुप से बाहर करेगा और स्थानीय पुलिस को सूचित भी करेगा। किसी भी साइबर कैफे के स्वामी/संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति, जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण-पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड या ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जायेगा। समस्त आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखे बिना सायबर कैफे संचालित नहीं किया जायेगा। सभी आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं को उनके हस्तलेख में नाम, पता, दूरभाष नम्बर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित कराये बिना साइबर कैफे का प्रयोग वर्जित होगा। साइबर कैफे में बिना वेब कैमरा लगाये जिसमें प्रत्येक आगन्तुक/प्रयोगकर्ताओं की फोटो खींची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जा सके, संचालित नहीं किया जायेगा। यह अभिलेख कम से कम छह माह तक सुरक्षित रखना होगा।

## लोक सेवा आयोग में निविदा आमंत्रित

इंदौर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय इंदौर में साफ-सफाई व्यवस्था हेतु पजीकृत संस्थाओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा की अंतिम तिथि 27 मई 2025 है। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी के लिए आयोग की वेबसाईट www.mppsc.mp.gov.in तथा https://mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

# मां नारायणी का अवतरन दिवस धूमधाम से मनाया

इंदौर। सेन समाज की कुलदेवी आराध्या मां नारायणी का अवतरन दिवस धूमधाम से मनाया गया सकल राजवटी सेन समाज के नव निर्वाचित कार्यकारिणी को देश के उत्कृष्ट सांसद माननीय शंकर लालवानी ने व मुकेश शास्त्री राज ज्योतिषी राजस्थान के द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उत्कर्ष सांसद शंकर लालवानी ने राजस्थान के राज ज्योतिषी मुकेश शास्त्री जी के इंदौर आगमन पर उनका नागरिक अभिनंदन किया इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारी सर्वश्री सुभाष वर्मा सेन अध्यक्ष सेन समाज इंदौर रजि 94, सराठे सेन समाज के अध्यक्ष दिलीप सेन, निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष कैलाश श्रीवास संदलपुर, निशुल्क



सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की महिला अध्यक्ष श्रीमती अरुना शिव कुमार सेन जननायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर श्रीवास केंद्रीय समिति के शेलू सेन,जनक सेन, अमरचंद सेन शेखावाटी सेन समाज के अध्यक्ष, छगनलाल श्रीवास मुकेश सेन तेजाजी नगर संदीप श्रीवास सहित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी कार्यकारिणी को यह संकल्प दिलाया गया कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति को उत्थान का कार्य करेंगे निवृत्त मांन अध्यक्ष जुगल किशोर तोमर का भी स्वागत किया।

युवा राजावाटी संगठन का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष प्रवीण मारोठिया को बनाया गया। आभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष घनश्याम मंगरोलिया ने माना।

### बांध पावर हाउस और महत्वपूर्ण स्थानो पर आम आदमी का प्रवेश प्रतिबंधित

इंदौर। भारत और पाकिस्तान के बीच में संभावित तनाव और युद्ध की आशंका को देखते हुए, सभी बांध, पावर हाउस एवं महत्वपूर्ण स्थानो पर आम आदमी के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। महत्वपूर्ण स्थलों में अब कोई भी व्यक्ति बिना पहचान के प्रवेश नहीं कर पाएगा। महत्वपूर्ण स्थलों की फोटो को खींचना प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह सारे प्रतिबंध भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक जिले में किये जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी कलेक्टरों को सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## भारत-पाक तनाव के बीच परीक्षा रद्द करने का जारी हुआ नोटफिकेशन, यूजीसी ने बताया फर्जी

इंदौर। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए, एक फर्जी वेबसाइट से नोटफिकेशन जारी हुआ है कि देशभर के कॉलेजों में ग्रेजुएशन और डिप्लोमा स्तर की परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इस नोटिफिकेशन को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने गलत और झूठा बताया है। यूजीसी के नोटिस में कहा गया है कि यूजीसी के नाम से एक मनगढ़ंत सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि युद्ध की स्थिति के कारण सभी परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं और छात्रों को घर लौटने की सलाह दी है। यूजीसी ने कहा कि यह नोटिस फर्जी है।

युद्ध से उत्पन्न असाधारण और आकस्मिक स्थिति के मद्देनजर और छात्रों उनके परिवारों और संस्थानों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के मद्देनजर यूजीसी निम्नलिखित सलाह जारी करता है। मई, 2025 में तय स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाणन स्तर की सभी परीक्षाएं तत्काल प्रभाव से अगली सूचना तक रद्द कर दी गई हैं। इस बीच पंजाब और राजस्थान के कई जिलों के सभी स्कूल और कॉलेज अगले आदेश तक बंद रखने का आदेश दिया गया है। पंजाब के फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, अमृतसर, तरनतारन और गुरदासपुर जिलों के सभी स्कूल और कॉलेज 11 मई तक बंद रहेंगे। आईके गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय ने भी अपनी अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। राजस्थान में, श्री गंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में सरकारी और निजी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

## सार-समाचार

### दीवार लेखन के माध्यम से दिया जल बचाओ का संदेश

**रतलाम ।** जल संरक्षण को लेकर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा जन-जागरूकता अभियान अब जन-आंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गांव-गांव में दीवार लेखन, संगोष्ठियां एवं स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का महत्व समझाया जा रहा है। जल प्रहरी एवं गंगा अवतरण अभियान के संयोजक जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) के मार्गदर्शन में यह अभियान निरंतर गतिशील है। विकासखंड समन्वयक श्री शिवशंकर शर्मा ने बताया कि पिपलौदा विकासखंड की नवांकुर संस्थाएं जल संरक्षण को लेकर समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में ग्राम बड़ायला माताजी में नवांकुर संस्था शेरपुर ग्राम उत्थान समिति द्वारा प्रभावशाली दीवार लेखन किया गया। सेक्टर परामर्शदाता श्री जगदीश बैरागी द्वारा बताया गया कि जल संकट एक गंभीर समस्या है, यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में स्थिति और भयावह हो सकती है। सेक्टर समन्वयक श्री गणपत जाधव ने कहा कि अभियान के माध्यम से हमारा लक्ष्य है कि हर गांव जल संरक्षण में आत्मनिर्भर बने इस हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में जल संगोष्ठियों का आयोजन, जल स्रोतों की सफाई एवं नदी-तालाबों की स्वच्छता जैसे कार्य किए जा रहे हैं जिसमें ग्राम विकासप्रस्फुटन समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी निरन्तर बनी हुई है।

### खुशियों की दास्तान: ट्रामा सेंटर जिला चिकित्सालय मे कूल्हे का सफल ऑपरेशन



**रतलाम ।** सिविल सर्जन डॉक्टर एम.एस. सागर ने बताया कि शेर बानो पति अशफाक उम्र 65 वर्ष निवासी हाट की चौकी रतलाम की घर मे गिरने से कूल्हे की हड्डी टूट गयी थी। गरीब परिवार से होने के कारण महंगा इलाज करवाने में असक्षम थी। उन्हें 2 मई को जिला चिकित्सालय ट्रामा सेंटर लाया गया था जहाँ प्राथमिक जाँच एवं एक्स-रे करवाकर डॉक्टर्स ने बताया कि कूल्हे की हड्डी टूट गयी है, ऑपरेशन करके कूल्हे का गोला बदलना पड़ेगा। मरीज को खून की कमी एवं उम्र अधिक होने के कारण जोखिम भरा ऑपरेशन था लेकिन जिला चिकित्सालय के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत निनामा, डॉ. अभिनव जैन एवं डॉ. ऐश्वर्या महाजन की टीम ने सफल ऑपरेशन किया जिसमें निश्चचेतना विशेषज्ञ डॉ. महेश मौर्य का भी सराहनीय योगदान रहा। सफल ऑपरेशन के बाद परिजनों ने हॉस्पिटल वार्ड ओ टी स्टॉफ एवं सभी डॉक्टर्स की बहुत सराहना की एवं आयुष्मान योजना मे निःशुल्क इलाज एवं सफल ऑपरेशन के लिए पूरी टीम का धन्यवाद दिया।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**रतलाम ।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सुश्री नीना आशापुरे के मार्गदर्शन में 10 मई को जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री नीरज पवैया ने बताया कि उक्त लोक अदालत में लंबित समझौता योग्य सिविल, आपराधिक, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बैंक के ऋण वसूली प्रकरण, बीएसएनएल, सम्पत्ति कर, जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु खण्डपीठें जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर पृथक-पृथक से गठित की गई है।

### नागरिक सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**रतलाम ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म है और ताज़ा हालातों को देखते हुए सभी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, सभी विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें और सुरक्षा के सभी आवश्यक ऐहतियाती कदम तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। केंद्रीय और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की चहुंओर सुरक्षा पर अत्यंत विशेष ध्यान दिया जाये। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की अद्यतन सुरक्षा व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं की स्थिति और विभागीय समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी तालमेल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि किन्हीं भी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सभी विभाग तत्परता और सजगता के साथ तैयार रहें। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड अमला अवकाश पर न जाये। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, डीजी होमगार्ड श्री अरविंद कुमार, एडीजी गुप्तवार्ता श्री ए. साई मनोहर, सैन्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश 2025 की कार्यवाही प्रारम्भ

**रतलाम ।** प्रदेश की शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश 2025 की कार्यवाही प्रारम्भ हो चुकी है। कलेक्टर श्री राजेश बाथम के निर्देशानुसार प्रवेश की कार्यवाही आनलाईन काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी जिसमें पंजीयन एवं काउंसिलिंग के विभिन्न चरणों के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया की जाएगी। कक्षा आठवीं, दसवीं उत्तीर्ण आवेदक इसके लिए पात्र होंगे एवं महिलाओं के लिए जिले में में 30 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। उल्लेखनीय है कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अन्तर्गत संचालनालय कौशल विभाग म.प्र. समस्त शासकीय एवं निजी आईटीआई का संचालन करता है। प्रतिवर्ष प्रदेश की आईटीआई में लगभग 1 लाख से अधिक आवेदकों द्वारा आनलाईन माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराया जाता है।







# यात्री सुविधा के लिए रतलाम मंडल सजग 10 स्टेशनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य प्रगति पर

**रतलाम।** अधोसंरचनात्म क विकास के साथ ही यात्री की सुविधा के क्षेत्र में रतलाम मंडल द्वारा काफी सकारात्म क सुधार की ओर अग्रसर है। रतलाम मंडल के 16 स्टे शनों पर अमृत स्टे शन योजना के तहत विकासात्मेक कार्य किये जा रहे हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए जनसमपर्क अधिकारी खेमराज मिणा ने बताया कि अमृत स्टेशन योजना के तहत इनमें से 10 स्टेउशनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा। इनमें से कई स्टेकशनों पर पहले से ही कोच गाइडेंस बोर्ड की सुविधा उपलब्धत है। अमृत स्टेकशन योजना के तहत रतलाम मंडल के कई स्टे शनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में मंडल के छ-स्टेगशनों मेघनगर, खाचरोद, सीहोर, अकोदिया, बेरछा एवं देवास स्टे शन पर प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा यात्रियों को सुविधा उपलब्धत हो रही है। इसके अतिरिक्तण मक्सी एवं चंदेरिया स्टे3शनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड का टेस्टिंग कार्य प्रगति पर है। मंडल के शुजालपुर, लिमखेड़ा एवं लक्ष्मीडबाईगनर रेलवे स्टेयशन पर भी कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने का कार्य स्वी कृत है तथा कार्य प्रगति पर है। कोच गाइडेंस बोर्ड यात्रियों के लिए एक महत्वीपूर्ण सुविधा है । इससे यात्रियों को ट्रेनों के कम समय के ठहराव में भी अपने बर्थ तक पहुँचने की सुविधा उपलब्धच होती है। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के सामान्यो श्रेणी में यात्रा करने वाले आम यात्रियों के लिए यह सुविधा काफी सुविधाजनक है क्योंकि कोच गाइडेंस बोर्ड के कारण सामान्या श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रेन आगमन से पूर्व कोच की स्थिति का पता चल जाता है। विभिन्नो स्टेशनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाने से यात्रियों की यात्रा आरामदायक होने के साथ ही यात्रियों के समय की भी बचत होगी ।

### उधना-रक्सौट्रल के मध्यज चलेगी स्पेतशल ट्रेन

**रतलाम।** ग्रीष्मद्दकालीन छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों के अतिरिक्तष दबाव को देखते हुए रतलाम मंडल से होकर उधना से रक्सौ ।ल के मध्यम दोनों दिशाओं में 11 – 11 फेरे स्पे शल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्यां 05559 रक्सौ1ल उधना स्पेसशल 17 मई, 2025 से 26 जुलाई, 2025 तक रक्सौकल से प्रति शनिवार को 05.30 बजे चलकर रतलाम मंडल के सीहोर(02.33/02.35, रविवार), उज्जैकन(04.25/04.35), नागदा((05.16/05.18) एवं रतलाम((06.15/06.25) होते हुए 12.35 बजे उधना पहुँचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्यां 05560 उधना रक्सौ ल स्पे।शल 18 मई, 2025 से 27 जुलाई, 2025 तक उधना से प्रति रविवार को 15.35 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम(22.20/22.30, रविवार), नागदा(23.00/23.02), उज्जैन(23.50/23.55) एवं सीहोर(01.50/01.52, सोमवार) होते हुए प्रति मंगलवार को 00.15 बजे रक्सौ।ल पहुँचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में सिकटा, नरकटियागंज, बगहा, कप्ता नगंज, गोरखपुर, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीदबाई झांसी, ललितपुर, बीना,संत हिरदारामनगर, सीहोर, उज्जैंन, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा एवं भरूच स्टेनशनों पर ठहराव दिया गया है। यह ट्रेन सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीभपर एवं सामान्यो श्रेणी कोच के साथ चलेगी।

### 2023-24 तक की बकाया राशि पर ही छूट देय होगी

**रतलाम।** वर्ष 2023-24 तक की बकाया राशि पर ही छूट देय होगी। यह छूट मात्र आज दिनांक 10/5/2025 की नेशनल लोक अदालत के लिये मान्य होगी। नगर निगम द्वारा संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों से अपील की जाती है कि आज 10 मई 2025 शनिवार को आयोजित एक दिवसीय लोक अदालत के तहत नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) में छूट का लाभ उठावें।

## विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया

### वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परिक्षण शिविर आयोजित

**रतलाम।** विरियाखेडी स्थित वृद्धाश्रम में रेडक्रास के जनक सर हेनरी ड्यूनाट के जन्म दिवस पर रेडक्रास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डा. शालिनी श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर आर्ची हरित तथा वृद्धाश्रम के वृद्धजनों ने हेनरी ड्यूनाट के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया। रेडक्रास दिवस प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है। 8 मई 1828 को सर हेनरी ड्यूनाट का जन्म हुआ था। रेडक्रास दिवस के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, नशामुक्ति जागरुकता अभियान, जनजागरुकता, स्वास्थ्य जागरुकता, सिकल सेल, टीबी उन्मूलन, निःशक्तजनों एवं वृद्धजनों की सेवा के साथ-साथ प्राथमिक उपचार जैसे जनहितैषी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। डा. सी.पी. राठौर के निर्देशन में 18 वृद्धजनों की सीबीसी, एलएफटी, शुगर, लीवर प्रोफाइल, किडनी प्रोफाइल, आयरन प्रोफाइल, थायरायड प्रोफाइल, लीपीड प्रोफाइल आदि की जांच के लिए ब्लड सेम्पल लिए गए। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर ड़ा. शालिनी श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित वृद्धजनों से आत्मीय संवाद किया गया, जिसमें उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली एवं वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं एवं पारिवारिक विषयो पर चर्चा की गई।

### पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया गया चेकिंग अभियान

## होटल लाज धर्मशाला में रुके संदिग्धों की चेकिंग की गई

**रतलाम।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में जिले भर में चेकिंग अभियान चलाया गया।



अभियान के अंतर्गत होटल, लॉज एवं धर्मशालाओं की चेकिंग की जा रही है। होटल में रुकने वाले संदिग्धों के पहचान परीक्षण कर समानों की जांच की जा रही है। सभी होटल लॉज संचालकों को निर्देशित किया गया है कि आपके यहां रुकने वाले समस्त लोगों की संपूर्ण जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा में संकलित करे एवं सभी के पहचान पत्र का परीक्षण करे। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में किरायेदारों की चेकिंग भी की जा रही है। सभी दुकानदारों एवं विभिन्न प्रतिष्ठान संचालकों को अपने यह कार्य करने वाले कर्मचारियों की जानकारी सभी वैध पहचान दस्तावेजों के साथ समीपस्थ पुलिस थाने पर जमा करे। पुलिस अधिकारियों द्वारा सिम विक्रेताओं एवं कियोस्क संचालकों को भी आयश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए है।

# विद्युत खंभों में शॉर्ट शर्किट से किसान की मक्का की लाखों की फसल जलकर हुई राख

**बाकानेर नि प्र।** किसान अफजल अली पिता एहमद अली जाति मुसलमान निवासी ग्राम बाकानेर तहसील मनावर जिला धार ने बताया कि उनकी मक्का फसल आग लगने से जल गई है ।



मनावर तहसीलदार महोदय को सबब आर्थिक सहायता प्रदान करने बाबद आवेदन दिया जिसमें बताया कि प्रार्थी ग्राम बाकानेर तहसील मनावर का निवासी होकर कृषक है। तथा प्रार्थी की कृषि भूमि ग्राम पिपल्या तहसील मनावर में शामलात में स्थित है जिसमे प्रार्थी ने मक्का की फसल लगाई थी जो उंगी व मक्का फसल बड़ी होने पर उसमे भूट्टे लगकर भुट्टे पक गये व प्रार्थी की मक्का फसल सूख गई थी। प्रार्थी की भूमि में से विद्युत विभाग की लाईन निकली हुई है उस लाईन के फाल्ट होने से चिंगारी मक्के की फसल में मिरी व प्रार्थी की मक्का फसल में आग लगने पर प्रार्थी की मक्का फसल करीन 8 बीघा की जलकर खाक हो गयी है। प्रार्थी का दस लाख का नुकसान हुआ है। सबब आर्थिक सहायता प्राप्त करना चाहता हूँ।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि प्रार्थी को मक्का फसल की नुकसानी की राशि दिलाई जाने बाबद आदेश प्रदान करने की कृपा करे । अफजल अली पिता एहमद अली जाति मुसलमान निवासी ग्राम बाकानेर तहसील मनावर ने आगे बताया 100 नंबर डायल कर आग की घटना की जानकारी दी तब दमकल वाहन आग बुझाने आया तब तक मक्का की सारी फसल जल गई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब की सफाई की गई, अभियान का किया व्यापक प्रचार

**रतलाम ।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक श्री रत्नेश विजयवर्गीय एवं ब्लॉक समन्वयक श्री रतनलाल चरपोटा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था आदर्श ग्राम विकास समिति सेक्टर सकरावदा द्वारा सैलाना के ग्राम कपासिया में तालाब की सफाई की जाकर अभियान का व्यापक



रूप से प्रचार प्रसार किया गया।

इस दौरान ग्राम पंचायत सकरावदा की सरपंच श्रीमती चंपाबाई शांतिलाल मईड़ा, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### रूपालो आलीराजपूर,.....


# खंडवा बडौदा हाइवे फतेह क्लब रोड का हाल प्रशासन कब लेगा सुध

**जिस C कर्व को बनाया गया दुर्घटना को रोकने के लिए बनाया गया वही C कर्व MPRDC अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं का केंद्र बना हुआ है**

### प्रतिदिन इसी रास्ते उपयोग करते जिले के वरिष्ठ अधिकारी और जिला कलेक्टर महोदय पर जनता की तकलीफों से शायद नहीं हैं किसी को कोई सरोकार

**अलीराजपुर ।** हम बात कर रहे हे अलीराजपुर नगर में खंडवा बड़ौदा मार्ग पर स्थित फतेह क्लब मैदान के कॉर्नर कांक्रीट मार्ग से बने ष्ट कर्व की,अलीराजपुर के खंडवा बड़ौदा मार्ग पर फतेह स्पोर्ट के क्लब के कार्नर पर MPRDC विभाग द्वारा पूर्व में स्थित रुशेप कोने को तोड़कर ष्ट में किया गया और चौड़ीकरण का कार्य किया गया है। सम्भावित दुर्घटनाओं को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन ने जनहित में कार्य किया । लेकिन एमपी आरडीसी अधिकारियों और ठेकेदार की मिली भगत से घटिया सामग्री का निर्माण किया गया जिसके कारण एक माह के अंदर ही रोड पर 2 फिट के लगभग गहरा गड्ढा हो गया और सीमेंट कंक्रीट का रोड जगह-जगह से अभी से उखड़ने लगा है जिससे पता चलता है कि निर्माण कार्य मैं लगाई गई सामग्री गुणवत्ताहीन रही होगी । एमपी आरडीसी अधिकारियों को शायद जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है इस कार्य की जागरूक नागरिक के द्वारा सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई ठोस कारवाही नहीं हुई हे इससे पता चलता है कि शायद कहीं ना कहीं ठेकेदार और एमपीआरडीसी की अधिकारियों की मिली भगत हो सकती है जिला प्रशासन अगर स्वतंत्र एजेंसी की जांच की जाए तो शायद बड़ी लापरवाही सामने आ सकती है।

# बकरी चोरी के इरादे से 45 वर्षीय ग्रामीण की निर्मम हत्या, आरोपियों ने शव को छोड़कर बकरियां चुराई



सरगुजा। जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां अज्ञात हमलावरों ने बकरी चोरी की नीयत से घर में घुसकर 45 वर्षीय ग्रामीण रैदु नागवंशी की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी चार बकरियां चुराकर मौके से फरार हो गए। घटना ग्राम सरगा टोंगरीपारा की है, जहां रैदु नागवंशी अपने घर में 45 से अधिक बकरियां पालता था। बीती रात कुछ अज्ञात हमलावर चोरी के इरादे से उसके घर में घुस गए। रैदु ने जब उनका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसे बेरहमी से धारदार हथियार से हमला कर मार डाला। उसकी लाश खून से सनी हुई घर के अंदर पड़ी मिली, जबकि चार बकरियां गायब थीं।

## ब्राह्मणों पर विवादित टिप्पणी करने वाले अनुराग कश्यप की मुश्किलें बढ़ीं



मुंबई। फिल्म निर्माता और अभिनेता अनुराग कश्यप ने हाल ही में ब्राह्मणों पर की गई विवादित टिप्पणी के बाद उन्हें सूरत कोर्ट से नोटिस जारी किया था था अब छत्तीसगढ़ के रायपुर कोर्ट ने अनुराग पर गैर-जमानती धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। यह कदम उनके खिलाफ हाईकोर्ट के अधिवक्ता द्वारा दायर परिवाद के आधार पर उठाया गया है।

रायपुर कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुमारी आकांक्षा की बेंच ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अनुराग कश्यप की टिप्पणी को न केवल सामाजिक सौहार्द्र को नुकसान पहुँचाने वाला, बल्कि समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया और इसे दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा। कश्यप पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया।

## वाराणसी विवाद, अजय राय के खिलाफ एफआइआर दर्ज



वाराणसी। वाराणसी के चेतगंज थाने में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ दर्ज एफआईआर ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी है। एफआईआर में राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने और अफवाह फैलाने के आरोप हैं। प्रदीप कुमार गुप्ता ने चेतगंज थाने में इस शिकायत के तहत अजय राय के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। उनका दावा है कि राय ने भारतीय सेना का मनोबल तोड़ने की कोशिश की और पाकिस्तान के मीडिया में वाहवाही लूटने के उद्देश्य से राफेल को खिलौना दिखाते हुए नींबू-मिर्च लटकाया। अजय राय का दावा है कि उनका इस हरकत का मकसद सिर्फ वीडियो बनाना था और इससे उनका कोई अपमान करने का इरादा नहीं था। वाराणसी पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

## आठ हजार से ज्यादा एक्स अकाउंट ब्लॉक, भारत के खिलाफ फर्जी खबरें फैलाने का आरोप

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान को चौतरफा घेर के रखा है। उसे कहीं से कोई राहत नहीं मिल रही है। जो जहां गड़बड़ी करता है या अफवाह फैलाता है उस पर तत्काल एक्शन हो जाता है। ऐसे ही फर्जी खबरें चलाने के आरोप में इंटरनेशनल न्यूज ऑर्गनाइजेशन समेत 8 हजार से अधिक एक्स अकाउंट बंद किए गए है।

एक्स ने यह दावा अपने ग्लोबल गवर्नेंस अफेयर्स अकाउंट के जरिए किया है। प्लेटफॉर्म ने कहा कि हम इससे सहमत नहीं हैं, ये पोस्ट और अकाउंट सिर्फ भारत में नहीं दिखेंगे।ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर बताया कि भारत सरकार ने ऐसे अकाउंट्स और पोस्ट्स को बैन करने के आदेश जारी किए हैं, जो फर्जी खबरें, पाकिस्तान के लिए प्रोपेगैंडा और भारत विरोधी कंटेंट (टेक्स्ट, फोटो और वीडियो) फैला रहे हैं।

सरकार का कहना है कि ये कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए की गई है। कुछ अकाउंट्स पर भारत में अस्थिरता फैलाने और गलत सूचना प्रसारित करने का आरोप है।



किरगिसतान में सैन्य परेड में भाग लेते हुए सैनिक। ये परेड ग्रेट पैट्रिओटिक वार की 80 वीं सालगिरह पर हो रही है।

# जब मुश्किलों में फंसी जिंदगी तो ढाल बन गई मां

नई दिल्ली। तुझ से हर चमन है गुलजार मेरा, ऐ मां बस नाम ही है काफी हर बार तेरा, ये पंक्तियां अपने आप में सटीक हैं। बच्चे पर जब भी कोई संकट आता है तो मां ढाल बनकर अपने बच्चे लिए सुरक्षा कवच का काम करती हैं। ऐसी हीं कुछ ऐसी माताएं हैं जिन्होंने बच्चे की किडनी फेल होने पर उन्हें नई जिंदगी देने के लिए किडनी दान करने का निर्णय लिया। मां से मिली किडनी का प्रत्यारोपण करवाने के बाद परेशानी दूर होने के साथ बच्चे का जीवन भी सुरक्षित हो गया।

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी की रहने वाली करीब 61 वर्षीय श्रीदेवी भी ऐसी ही एक मां हैं। बेटा जब तकलीफ में आया तो वह आगे आई और अपनी किडनी देने का फैसला लिया। किडनी प्रत्यारोपण करने वाली टीम से जुड़े नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन विभाग के डॉ. रीतेश शर्मा ने बताया कि 29 साल के नीरज कुमार को करीब एक साल पहले सिर में दर्द की समस्या थी। लंबे समय तक दवाएं लेने के कारण उसका रक्तचाप अनियंत्रित हो गया। बाद में जांच की गई तो किडनी पर दवाओं का असर दिखा। जब किडनी की तलाश की गई तो उनकी मां आगे आई और अपनी किडनी देकर उसे नया जीवन दिया। किडनी प्रत्यारोपण के बाद रीतेश ठीक है और उसने गुरुग्राम में अपना काम शुरू कर दिया। सामान्य बच्चों की तरह झज्जर के बेरी में रहने वाले कार्तिक कटारिया की जिंदगी आसान नहीं थी। जैसे जैसे वह बड़ा हुआ, उसकी समस्याएं बढ़ती गई। करीब 11 साल की उम्र होने तक उसे डायलिसिस करवाने की जरूरत पड़ गई। जब उम्र 13 की हुई तो डॉक्टरों ने किडनी प्रत्यारोपण करवाने की सलाह दी। इस दौरान परिवार के सामने कोई रास्ता नहीं था। अपने घर के चिराग को बचाने के लिए मां अनीता आगे आई और उन्होंने अपनी एक किडनी देने का फैसला लिया। एम्स में सर्जरी विभाग के प्रो. डॉ. आसुरी कृष्णा की देखरेख में 12 अप्रैल को कार्तिक का प्रत्यारोपण हुआ। जल्द ही उसे अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ शुरु हो सकती है महाभियोग की कार्यवाही

नई दिल्ली। घर में जले नोट मिलने के मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग जैसी कार्यवाही हो सकती है। उनके खिलाफ तैयार रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंच गई है। बता दें कि दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ कैश कांड में जांच रिपोर्ट चीफ जस्टिस को सौंप दी गई थी।



चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस पर यशवंत वर्मा को विकल्प दिया था कि वे अपने पद से इस्तीफा दे दें और यदि ऐसा नहीं किया तो फिर महाभियोग की कार्रवाई की जाएगी। उन्हें जवाब देने के लिए 9 मई तक का वक्त मिला था। जस्टिस वर्मा ने इस संबंध में जवाब भी मुख्य न्यायाधीश को दे दिया है। उनके जवाब और तीन सदस्यीय न्यायिक पैनल की रिपोर्ट को अब चीफ जस्टिस ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पास बढ़ा दिया है।

माना जा रहा है कि अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई होगी। उन्हें इस्तीफे का विकल्प दिया गया था, जिससे वह पीछे हटते दिखे हैं। ऐसे में महाभियोग का ही विकल्प बचा है। अब चीफ जस्टिस ने जब फाइल को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के समक्ष भेज दिया है तो उनकी भूमिका समाप्त हो जाती है। उनकी ओर से फाइल को पीएम और राष्ट्रपति को बढ़ाने का अर्थ है कि उन्हें हटाने की सिफारिश की गई है। आर्टिकल 124 के तहत किसी जज को हटाने की कार्रवाई नियुक्ति देने वाली अथॉरिटी यानी राष्ट्रपति की ओर से ही हो सकती है। किसी भी जज को आर्टिकल 124 और आर्टिकल 217 के तहत ही हटाया जा सकता है। इसी के तहत महाभियोग का प्रस्ताव संसद में लाया जा सकता है। इसके लिए दुर्व्यवहार और अक्षमता को आधार माना जाता है।

# ओखला की पैकिंग फैक्ट्री में लगी भीषण आग



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के ओखला फेस-1 इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11.25 बजे मेहंदी पैकिंग की एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग इमारत की कई मंजिलों तक फैल गई। जिससे वहां पर अफरा-तफरी मच गई।

तेजी से आग फैलने के चलते सुरक्षा बरतते हुए आसपास की कई दूसरी फैक्टरियों को भी खाली करवा लिया गया। सूचना मिलते ही दमकल की 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। कड़ी मशक्कत के बाद करीब ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। हादसे के बाद फैक्टरी में काम करने वाला एक कर्मचारी 90 प्रतिशत झुलसी हुई हालत में मिला। जिसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय अमरीश के रूप में हुई।

## स्मार्टफोन और सस्ते ईवी पर भारत की सख्ती, ब्रिटेन को प्रवेश नहीं

नई दिल्ली। भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन के लिए स्मार्टफोन, छोटे आकार के किफायती इलेक्ट्रिक वाहन और हाइब्रिड वाहन बाजार नहीं खोला है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि मुक्त व्यापार करार में इन उद्योगों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके साथ ही कीमती धातुओं और ऑप्टिकल फाइबर जैसे अन्य संवेदनशील औद्योगिक उत्पाद पर भारत आयात शुल्क नहीं घटाएगा।

कारों पर आयात शुल्क को 100 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी किया जाएगा, साथ ही आयात पर 10 से 15 साल की सीमा भी तय की जाएगी। अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा कि कारों के मामले में ब्रिटेन को दी गई बाजार पहुंच बहुत कम है। हम अभी करीब 50 लाख कारें बेचते हैं और 5 से 6 साल में कार बाजार बढ़कर 1 करोड़ कारों का हो जाएगा। इसके अलावा पारंपरिक ईंधन वाले वाहनों के लिए ब्रिटेन के बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच से भारत के वाहन और कलपुर्जा निर्यात को बढ़ावा मिलने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि मुक्त व्यापार करार पर बीते मंगलवार को सहमति बन गई मगर इसके लागू होने में 15 महीने से ज्यादा का समय लग सकता है।

# 36 दिन बाद पटना लौटे लालू यादव

- दिल्ली एम्स में चल रहा था इलाज
- लालू यादव ने की ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ, सेना को दी बधाई

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव 36 दिनों के लंबे इलाज के बाद सोमवार को दिल्ली से पटना लौट आए। लालू यादव का इलाज नई दिल्ली स्थित एम्स में कार्डियो क्रिटिकल केयर यूनिट में चल रहा था। उनकी बेटी और राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने जानकारी दी कि लालू यादव की सेहत अब स्थिर है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं।



पटना एयरपोर्ट पर लालू यादव व्हीलचेयर पर नजर आए। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव, और बेटी मीसा भारती भी मौजूद रहीं। समर्थकों ने लालू यादव जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उनका स्वागत किया।

मीडिया से बातचीत में लालू यादव ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने जो साहस दिखाया है, उस पर पूरे देश को गर्व है। जय हिंद! लालू ने कहा कि पाकिस्तान की हर हरकत का जवाब सेना देना जानती है।

परिवार ने लालू यादव के स्वस्थ होकर पटना लौटने पर खुशी जाहिर की है और उनके समर्थकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके स्वस्थ होने की कामना की।

# विद्युत कंपनियों के पेंशनरों की महंगाई राहत में वृद्धि के आदेश जारी

जबलपुर। मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनधारकों के लिए पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीए) के आदेश मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अब पेंशनरों को 6वें वेतनमान में 7 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 3 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा।

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अतुल जोशी ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के ज्ञाप क्रमांक एफ 9-2/2025/नियम/चार दिनांक 08.05.2025 के अनुसार जारी किया गया है, जो 01 मार्च 2025 से प्रभावी होगा।

आदेश के अनुसार, सभी पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों, जिनमें मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं पेंशनरों/परिवार पेंशनरों के साथ मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल से दिनांक 01.06.2005 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों भी शामिल है, को 6वें वेतनमान के अनुसार 239 प्रतिशत की जगह 246 प्रतिशत एवं 7वें वेतनमान के अनुसार 50 प्रतिशत की जगह 53 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी।

यह आदेश 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी लागू होगा। महंगाई राहत की गणना पेंशन के उस मूल अंश पर की जाएगी जो समर्पण (कम्यूटेशन) से पूर्व निर्धारित की गई थी।



उत्तर कोरिया ने एक अज्ञात स्थल से मिसाइल परीक्षण किया।

## क्या है सलाफी इस्लाम, जिसकी शिक्षा के नाम गरीब मुस्लिम बच्चों को भड़काता हैं दुर्दांत आतंकवादी हाफिज सईद

करांची। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों को जमींदोंज कर दिया है। हमले में बहावलपुर में दुर्दांत आतंकवादी हाफिज सईद का मरकज भी शामिल है। यहां हाफिज गरीब मुस्लिम बच्चों को सलाफी इस्लाम की शिक्षा देता था। उसका पूरा परिवार खत्म हो चुका है। उसके परिवार के 14 सदस्य कब्र में दफन हो चुके हैं। अब सवाल यह है कि हाफिज जिस सलाफी इस्लाम की बात करता है, उसकी विचारधारा क्या है? यह कैसा इस्लाम है? सलाफी यानी सलाफिय्याह इस्लाम सुन्नी इस्लाम का एक आंदोलन है, जो सलाफ यानी शुरुआती तीन पीढ़ियों के मुसलमानों की प्रथाओं को अपनाने की कोशिश करता है। इसमें पैगंबर मुहम्मद, उनके साथी (सहाबा), उनके बाद की पीढ़ी (ताबिईन) और तीसरी पीढ़ी (ताबा ताबिईन) शामिल हैं। सलाफ शब्द का मतलब है पूर्वज। सलाफी लोग इस्लाम के सबसे शुद्ध रूप को वापस लाना चाहते हैं, जो कुरान और हदीस (पैगंबर की बातें और काम) पर आधारित हो। सख्त एकेश्वरवाद (तौहीद)- सलाफी लोग केवल एक अल्लाह को मानते हैं। वे कुरान और हदीस को शब्दशः मानते हैं। ये बिद'अत का विरोध का करते हैं। सलाफी उन प्रथाओं को गलत मानते हैं जो शुरुआती इस्लाम में नहीं थीं, जैसे सूफी रीति-रिवाज या पैगंबर के जन्मदिन (मौलिद) का उत्सव।

सलाफिय्याह की शुरुआत 9वीं सदी में विद्वान अहमद इब्न हनबल और 14वीं सदी में इब्न तैमिय्या जैसे विचारकों से हुई, जिन्होंने इस्लाम को शुद्ध करने की बात की।

# नहाता नहीं था, इसीलिए ब्वॉयफ्रेंड से ब्रेकअप



लंदन। जब किसी की जीवनशैली दूसरे के लिए परेशानी का कारण बन जाए, तो रिश्ते में दरार आना तय होता है। कुछ ऐसा ही हुआ ब्राज़ील की एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर डेबोरा पोर्टो के साथ, जिन्होंने अपने ब्वॉयफ्रेंड से केवल इसलिए ब्रेकअप कर लिया क्योंकि वह न तो नहाता था, न कोई हाइजीन प्रोडक्ट इस्तेमाल करता था। डेबोरा पोर्टो एक बॉडी पॉजिटिव कंटेंट क्रिएटर हैं, जिनके सोशल मीडिया पर करीब 20 लाख फॉलोअर्स हैं। उन्होंने हाल ही में बताया कि उनका अपने ब्वॉयफ्रेंड से ब्रेकअप हो गया है और इसकी वजह थी उसकी 'प्राकृतिक जीवनशैली'। डेबोरा के अनुसार, उनका एक्स-ब्वॉयफ्रेंड न तो साबुन, शैंपू, डियोडरेंट या टूथपेस्ट का इस्तेमाल करता था और हफ्ते में सिर्फ एक बार नहाता था। शुरुआत में डेबोरा को उसका नेचुरल रहन-सहन आकर्षक लगा, लेकिन धीरे-धीरे यह सब असहज करने वाला बन गया। उन्होंने कहा कि उनके ब्वॉयफ्रेंड के शरीर से बदबू आने लगी थी और उसके साथ किसी बंद कमरे में रहना मुश्किल हो गया था। वह बिस्तर पर नहीं सोता था, बल्कि जमीन पर दरी बिछाकर सोता और डेबोरा को भी यही करने के लिए कहता। वह पेड़ों को गले लगाता, नंगे पांव घंटों चलता और कई बार कीचड़ में लोटता था, जिसे वह प्रकृति से जुड़ने का जरिया मानता था। लेकिन डेबोरा को ये आदतें अब विचित्र लगने लगीं।

आखिरकार उन्होंने इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला लिया। हालांकि डेबोरा ने यह भी कहा कि वह अपने पूर्व प्रेमी की सोच और जीवनशैली का सम्मान करती हैं, लेकिन यह उनके लिए उपयुक्त नहीं थी। उनका मानना है कि हर किसी की पसंद और प्राथमिकताएं अलग होती हैं और जब ये मेल न खाएं, तो बेहतर होता है कि रिश्ते को सम्मानपूर्वक समाप्त कर दिया जाए। बता दें कि हर इंसान की जिंदगी जीने का तरीका अलग होता है। कोई फैशन, अच्छे खाने-पीने और जीवन की सुविधाओं को प्राथमिकता देता है, तो कोई सादगी और प्राकृतिक जीवन को अपनाता है।

# भारत-पाक तनाव के चलते बंद किए गए 27 एयरपोर्ट, यात्री परेशान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों के कारण देश में 27 हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। इस स्थिति ने देश की उड़ानों को बुरी तरह प्रभावित किया है। इससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव और हवाई हमलों को देखते हुए एयर इंडिया, अकासा एयर, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए अलर्ट और नई एडवाइजरी जारी की है। यहां पाकिस्तान द्वारा भारत के उत्तरी और पश्चिमी सैन्य ठिकानों पर हमले की नाकाम कोशिशें जारी हैं। भारत ने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम से अधिकतर हमलों को विफल कर दिया है। इन हमलों को देखते हुए सुरक्षा कारणों से 27 हवाई अड्डों पर सिविल फ्लाइट ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं।

### एयरलाइंस की एडवाइजरी

एयर इंडिया : यात्रियों को उड़ान से कम से कम 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने की सलाह दी गई है। प्रस्थान से 75 मिनट पहले चेक-इन बंद कर दिया जाएगा। एयरपोर्ट सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश लागू। आकासा एयर- सुरक्षा जांच में वृद्धि के चलते 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने का अनुरोध, केवल 7 किलोग्राम तक का हैंडबैग की अनुमति और बोर्डिंग से पहले द्वितीयक सुरक्षा जांच (एसएलपीसी) अनिवार्य की गई है। इंडिगो : 10 मई की सुबह तक 165 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।



प्रभावित एयरपोर्ट्स- जम्मू, श्रीनगर, लेह, अमृतसर, धर्मशाला

स्पाइस जेटः उत्तरी भारत के हवाईअड्डों पर संचालन स्थगित किया गया है। यात्रियों से आग्रह किया गया है कि यात्रा से पहले फ्लाइट स्टेटस चेक कर लें।

कौन-कौन से एयरपोर्ट बंद हैं? (27 हवाईअड्डे), राज्य हवाई अड्डे, पंजाब- अमृतसर, लुधियाना, पठानकोट, बठिंडा, हलवारा, पटियाला राजस्थान- जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, किशनगढ़, हिमाचल- शिमला, भुंतर, कांगड़ा-गग्गल, जम्मू-कश्मीर/लद्दाख- श्रीनगर, जम्मू, लेह

गुजरात - मुंद्रा, जामनगर, हीरासर, पोरबंदर, केशोद, कांडला, भुज, उत्तर प्रदेश- हिंडन, चंडीगढ़ - चंडीगढ़। दिल्ली हवाई अड्डे पर 90 उड़ानें रद्द हैं, जिनमें 5 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। टर्मिनल पर परिचालन सामान्य, लेकिन कड़ी सुरक्षा जांच और हवाई क्षेत्र की सीमाओं के चलते असुविधा संभव है। डेल ने यात्रियों से अपनी एयरलाइनों से अपडेट लेने की अपील की है। इसके साथ ही सुरक्षा में और भी बदलाव किए गए हैं, जिसके तहत टर्मिनल पर आगंतुकों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। सभी यात्रियों की द्वितीयक सुरक्षा जांच (एसएलपीसी) अनिवार्य की गई है।

# राजस्थान में पाकिस्तान का ड्रोन अटैक

## जैसलमेर में बम मिला-सेना ने सील किया एरिया; 4 एयरपोर्ट बंद, ट्रेनें कैंसिल, बॉर्डर के गांव खाली कराए गए

**जयपुर (एजेंसी)।** हलगाम हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने राजस्थान में 5 सैन्य ठिकानों पर हमला किया। आखिरी बार राजस्थान में 1971 में पाक ने बमबारी की थी।



हालांकि, बुधवार और गुरुवार रात ड्रोन से की गई हमले की कोशिश को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। सभी ड्रोन हवा में ही मार गिराए गए। शुक्रवार सुबह जैसलमेर के एक रिहायशी इलाके में जिंदा बम मिला है। मौके पर पहुंची आर्मी के जवानों ने कुछ इलाके को सील कर दिया है। सतर्कता के कारण गुरुवार रातभर 6 जिलों में ब्लैकआउट रहा। सरहदी जिलों वाले एयरपोर्ट भी बंद किए गए हैं। बाड़मेर में 4 ट्रेनें आज कैंसिल रहेंगी। वहीं, जैसलमेर में 2 ट्रेन को आंशिक रद्द किया गया है। दो दिन से हो रहे अटैक के कारण कुछ गांवों को भी खाली कराया गया है।

### आईईडी विस्फोट में 14 सैनिकों की मौत

**क्वेटा।** पाकिस्तान सशस्त्र बलों के लिए दोहरा सिरदर्द बनते हुए, बलूच लड़ाकों ने बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिया है। यह हमला भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिए जाने के बाद हुआ है, जिसमें पाक अधिकृत कश्मीर और पंजाब में विभिन्न आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के कार्मिक वाहनों पर लक्षित हमले में, बलूच लिबरेशन आर्मी ने बुधवार को एक आईईडी विस्फोटक से पाकिस्तानी सेना के ट्रक को उड़ा दिया, जिससे 14 सैनिक मारे गए।

# PAK सांसद ने PM शहबाज को गीदड़ कहा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने PM शहबाज शरीफ को गीदड़ बताया है। नेशनल असेंबली बोलते हुए शाहिद ने कहा कि शहबाज ने मोदी के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला।

दूसरी तरफ पाक सरकार ने कराची पोर्ट को उड़ाने से जुड़ी खबरों को झूठा बताया है। कराची पोर्ट के X हैंडल ने इसकी जानकारी देते हुए पोर्ट को सुरक्षित बताया है। वहीं पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार को दावा किया कि अब तक भारत के 35 ड्रोन को मार गिराया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के हमलों में उनके 31 लोग मारे गए हैं जबकि 57 घायल हुए हैं। इससे पहले गुरुवार को पाक सेना ने 25 ड्रोन को मार गिराने की बात कही थी। सेना के प्रवक्ता के मुताबिक भारत ने 9 जगहों पर ड्रोन हमले किए थे।



# चिनाब नदी पर बने बगलिहार डैम के बाद भारत ने इस बांध के भी खोल दिए गेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के चलते पहले तो बगलिहार डैम के गेट खोल दिए गए थे और अब रियासी में चिनाब नदी पर सलाल बांध के भी कई गेट खोले गए हैं।



इसकी वजह से पाकिस्तान की तरफ बहने वाले पानी का प्रवाह काफी तेज हो गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार तनाव बढ़ता ही जा रहा है। भारत ने अब पानी के मोर्चे पर भी सख्त रुख अपनाया है। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के चलते पहले तो बगलिहार डैम के गेट खोल दिए गए थे और अब रियासी में चिनाब नदी पर सलाल बांध के भी कई गेट खोले गए हैं। इसकी वजह से पाकिस्तान की तरफ बहने वाले पानी का प्रवाह काफी तेज हो गया है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के कई डिस्ट्रिक्ट में इस समय भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण टेंपरेचर में भी गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन जलभराव होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रामबन जिले के चंबा सेरी में लैंडस्लाइड के बाद जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर यातायात ठप हो गया था। इससे कई यात्री फंस गए थे। प्रशासन के लिए सड़क को साफ करना एक बेहद ही कठिन चुनौती बना हुआ था।

### भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने का सबूत देने में नाकाम रहें ख्वाजा आसिफ

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अपने देश में पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के दावे के समर्थन में किसी भी किस्म का सबूत देने में नाकाम रहें और यह कहकर कन्नी कटाने की कोशिश करते नजर आये कि सब कुछ भारतीय सोशल मीडिया पर है। सीएनएन द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान यह पूछे जाने पर कि पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने का सबूत कहां है, श्री आसिफ ने कहा, यह सब सोशल मीडिया पर है, भारतीय सोशल मीडिया पर, हमारे सोशल मीडिया पर नहीं।

## पाकिस्तानी फायरिंग से बच नहीं पाया 13 साल का विहान

# जोया-जहीन सहित 5 बच्चों की मौत

**पुंछ (एजेंसी)।** सुबह से ही धमाकों की आवाजें आ रही थीं। मैंने अपने बच्चों के साथ दीवार की आड़ ले रखी थी इसलिए बच सका। वरना आज आपके साथ खड़ा होकर बात नहीं कर पाता।' महताब दीन, जम्मू के पुंछ के रहने वाले हैं।



होंठ फटे हुए हैं और शरीर पर चोट के निशान हैं। अपनी चोट दिखाते हुए महताब स्पष्ट के पास वाले इलाकों का हाल बताते हैं। पुंछ जम्मू का आखिरी जिला है, जहां पाकिस्तान के साथ लगने वाली लाइन ऑफ कंट्रोल यानी स्पष्ट है। विदेश मंत्रालय ने 8 मई को कहा कि पुंछ में 3 महिलाओं और 5 बच्चों सहित 16 लोगों की मौत हुई है। 59 लोग घायल हुए हैं। 6-7 मई की दरमियानी रात भारतीय सेना ने क्ष्त्य और पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसके एक घंटे बाद ही पुंछ से सटे क्ष्त्य से फायरिंग शुरू हो गई। बड़े-बड़े मोर्टार से बमबारी की गई। लोग बताते हैं कि ये अब तक पुंछ में हुई सबसे भयानक बमबारी है। 1965 और 1971 में भी ऐसी फायरिंग नहीं देखी थी। बमबारी के डर की वजह से शहर खाली हो रहा है। लोग घर छोड़कर जा रहे हैं। पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन 9 मई की रात को भी ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। ये हमले जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में किए गए।

# आतंकियों के ताबूतों पर जो फूल चढ़ाए गए वे इशारा कर रहे मारे गए बड़े आतंकी!

## क्या आतंकी हाफिज सईद या मसूद अजहर भारत के हमले में मारे गए?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देर रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर भारत ने आतंक के नौ ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। भारत ने जिन ठिकानों पर हमला किया उसमें मुरीदके में हाफिज सईद और बहावलपुर में मौलाना मसूद अजहर का ठिकाना भी था। ऑपरेशन सिंदूर में बहावलपुर के मरकज को मिसाइल अटैक से तबाह कर दिया। ये वह जगह है जो मसूद अजहर का सबसे बड़ा ठिकाना है। वहीं मरकज तैयबा जो मुरीदके में है। वहां पर भारत ने हमला करके हाफिज सईद के सबसे बड़े टेरर प्वाइंट को मिटी में मिला दिया। अब सवाल उठा है कि क्या पाकिस्तान में निकले ताबूतों का सीधा रिश्ता हाफिज सईद या मसूद अजहर से हो सकता है?



अटकलें लगाई जा रही है कि क्या इस ऑपरेशन में इन दोनों में से कोई मारा गया है वैसे ताबूतों को देखकर यही लग रहा है कि कोई बड़ा आतंकवादी मारा गया है। वैसे पाकिस्तान की तरफ से ताबूतों पर जो फूल चढ़ाए गए उसमें से एक पर चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लिखा था। वहीं दूसरे पर राष्ट्रपति लिखा था। इसके अलावा एक अन्य ताबूत के सामने लश्कर का कमांडर हाफिज अब्दुल रउफ ने खुद नमाज पढ़ी। ऐसे में इन तीन सबूत और फोटो से यह सवाल उठ रहे हैं कि हाफिज सईद या अजहर मसूद मारा गया है क्या? पाकिस्तान में पंजाब प्रांत में आतंकवादी के ताबूत पर जो फूल चढ़ाया गया है उस पर लिखा है चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ यानी पाकिस्तानी सेना का प्रमुख आसिम मुनीर ने ये फूल आतंकी के ताबूत के लिए भेजे थे। वहीं एक पर लिखा है प्रेसीडेंट मतलब पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने ये फूल आतकंकवादी की मौत पर भेजे हैं ऐसा लगता है आतंकियों की मौत से इनको झटका लगा है। ताबूत के सामने जो नमाज पढ़ा रहा है वो लश्कर का कमांडर हाफिज अब्दुल रउफ है, जिसके पीछे पाकिस्तानी सेना के तमाम अफसर हाथ बांधकर खड़े हैं। इसीलिए ये सवाल उठ रहे हैं कि क्या भारत ने जो आतंकवाद पर सबसे बड़ा प्रहार किया।


### पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में महिला की मौत

**श्रीनगर ।** जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में गुरुवार की रात पाकिस्तान के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए कई हमलों को प्रभावी ढंग से विफल किया गया और मुंहतोड़ जवाब दिया गया। बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सीमा पार से की गई गोलाबारी में एक महिला की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए है। कल देर रात को पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने पूरे पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों के जरिए कई हमले किए। सेना के एडीजीपीआई ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से विफल किया गया और सीएफवी का मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा।

## हरियाणा में पाकिस्तानी हमले की वार्निंग

# स्कूल-कॉलेज बंद, 10 घंटे ब्लैकआउट रहेगा; फायर ब्रिगेड की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई

**अंबाला (एजेंसी)।** पंजाब और चंडीगढ़ में पाकिस्तानी हमलों के बाद हरियाणा के अंबाला में भी एयर अटैक का अलर्ट जारी किया गया है। यहां सुबह करीब 10 बजे लगातार 48 मिनट तक सायरन बजते रहे।



इसी दौरान तुरंत ही अंबाला के सारे स्कूल-कॉलेज बंद करवाकर बच्चों की छुट्टी कर दी गई। इसके बाद अंबाला के जिला मजिस्ट्रेट अजय तोमर ने अंबाला में आज रात 8 बजे से कल शनिवार सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट का आदेश जारी कर दिया है। जिसमें लोगों को घर के बाहर की लाइटें बंद करनी होंगी। लोगों को इमरजेंसी होने पर ही घरों से बाहर निकलने को कहा गया है। अंबाला में आर्मी कैंट के अलावा एयरफोर्स स्टेशन भी है। यह पहली बार है कि अंबाला में एयर अटैक का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं हरियाणा में पाकिस्तानी हमले के अलर्ट को देखते हुए प्रदेश के सभी फायर ब्रिगेड अधिकारियों की चंडीगढ़ में मीटिंग बुला ली गई है।

अंबाला- डीसी अजय सिंह तोमर अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस रहे हैं। इस दौरान वे चेतावनियों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

# पाकिस्तान ने रात में किए हमले सेना ने जारी किया वीडियो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने बीती रात नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर विभिन्न इलाकों में ड्रोन हमले की कोशिश की। हालांकि उनकी कोशिशों को भारत के सुरक्षाबलों के द्वारा नाकाम कर दिया गया।

सेना ने वीडियो जारी करते हुए लिखा, पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने 08 और 09 मई 2025 की मध्य रात्रि को पूरे पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का उपयोग करके कई हमले किए। पाक सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई संघर्ष विराम उल्लंघन (सीएफवी) भी किए। ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से विफल किया गया और सीएफवी को मुंहतोड़ जवाब दिया गया।



भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, भारतीय सेना की एयर डिफेंस यूनिट्स द्वारा चलाए गए बड़े पैमाने पर ड्रोन-विरोधी अभियान में 50 से अधिक ड्रोन सफलतापूर्वक मार गिराए गए। ये ड्रोन हमले उधमपुर, सांबा, जम्मू, अखनूर, नगरोटा और पठानकोट जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को निशाना बनाने के प्रयास में किए गए थे। सेना ने इन हमलों के जवाब में एल-70 एंटी-एयरक्राफ्ट गन, जेडयू-23 मिमी तोपें, शिल्का सिस्टम्स और अन्य आधुनिक काउंटर-यूएएस उपकरणों का व्यापक रूप से इस्तेमाल किया। एक सैन्य सूत्र ने बताया, ÷सेना की त्वरित प्रतिक्रिया और उच्च स्तरीय समन्वय ने सुनिश्चित किया कि कोई भी ड्रोन भारतीय सीमा के भीतर गहराई तक प्रवेश नहीं कर सका। सभी को सफलतापूर्वक रोका और नष्ट किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com